संकलनकर्ता - बसंत मामडीकर ब्यूरोचीफ, बीजापुर, मोबाईल - 75871-92575, 62601-23100
















संकलनकर्ता-भुवनलाल पटेल, ब्यूरोचीफ, कवर्धा, मोबाइल-98930-54291, 62677-90253







संकलनकर्ता-भुवनलाल पटेल, ब्यूरोचीफ, कवर्धा, मोबाइल-98930-54291, 62677-90253




समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जय हिंद
अमर जवान
कान्हा मिनरल वाटर
मोतीपुर एवं बढ़ाई पारा रायपुर
प्रोपाइटर
नरेश शर्मा, आयुष शर्मा
मो.7987212175




समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महादेव टाईल्स
हार्डवेयर एवं सेनेटरी
टाईल्स, पाइप्स, सरिया, सीमेंट
आदि के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
प्रो. अजीत ठाकुर मोतीपुर
रायपुर रोड, मोतीपुर दुर्ग (छत्तीसगढ़)
फोन :- 73895-88832, 79741-30763




सेवा सहकारी समिति मोहतरा प. क्र 512
समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लव कुमार साहू
प्राधिकृत अध्यक्ष
कोमल पाण्डेय
समिति प्रभारी
-: विनीत :-
सेवा सहकारी समिति मोहतरा प.क्र 512
जिला-बेमेतरा

सेवा सहकारी समिति हसदा प. क्र 2033
समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रकाश वर्मा
प्राधिकृत अध्यक्ष
-: विनीत :-
सेवा सहकारी समिति हसदा प.क्र 2033
जिला-बेमेतरा

# नक्सली मारे जा रहे है, लाखों करोड़ों का निवेश आ रहा है, रोजगार मिलने लगा है, छत्तीसगढ़ में विकास का नया सूरज निकला है: मनोज शर्मा

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अभी हाल ही के दिनों में मुंबई में छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट' का दूसरा चरण आयोजित किया गया। छत्तसीगढ़ को भारत के मुख्य मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु सरकार ने कई कदम उठाये है। यह इन्वेस्टर्स समिट उनमे से एक है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को प्लास्टिक, कपड़ा, आईटी और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से 6,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए।' मनोज शर्मा ने कहा कि बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी और रूस के महावाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव के साथ राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का मूलतंत्र 'न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन के आदर्श को दुनिया के सामने रख छत्तीसगढ़ को वाणिज्य और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत के एक अभिन्न



अंग के रूप में प्रदर्शित किया। राज्य की नई औद्योगिक नीति के लागू होने के बाद से छत्तीसगढ़ को रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन बैठकों के माध्यम से एक लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पिछले साल दिसम्बर 2024 में दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में प्रदेश को 15,184 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे। इसमें प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने इनमें से 75% प्रस्तावों पर प्रतिबद्धता जताई थी। जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने हेतु भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए है। जंहा कांग्रेस केवल राज्य और भारत को दशकों पहले के जंजाल में धकेलना चाहती है, वही यह भाजपा ही है जो छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ा रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए और साथ ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए साय सरकार के कई कदम उठाए है, जैसे-अनापत्ति प्रमाण पत्र' (एनओसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया गया है, और अब मंजूरी एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से दी जाती है, जिससे निवेशकों को काफी राहत मिली है। नया रायपुर में एक नए डेटा सेंटर के शुभारंभ की घोषणा, जिससे शहर को सूचना और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने में और मदद मिलेगी।" इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए विशेष रियायतें हैं। शर्मा ने कहा इसके अतिरिक्त, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार और ईपीएफप्रतिपूर्ति के साथ-साथ 5 से 12 वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रोत्साहन शुरू किए गए हैं।' बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की योजना है। बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रोत्साहन के साथ-साथ लौह और कोयला रॉयल्टी पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की छूट शुरू की गई है। निवेश और रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ के निवेश वाले या 1,000 लोगों को रोज़गार देने वाले उद्योग बेस्पोक पॉलिसी के लिए पात्र है। इस पॉलिसी में 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक स्थायी पूंजी निवेश के प्रावधान शामिल हैं, जिनकी राशि 200 करोड़ से 450 करोड़ के बीच है। शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने राज्य में निवेश लाने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उनकी घोषणाओं और वादों की पोल खुल गई जब उन्होंने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का झूठा वादा किया, जो आखिरकार पूरा नहीं हुआ। वो सरकार बस लोगों को बहलाने और झूठे वादों से गुमराह करने में लगी रही, जबकि राज्य के विकास के लिए कुछ भी ठोस काम नहीं हुआ। हमारी सरकार का यह पहल पूरी तरह से प्रगतिशील है, जो राज्य में निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ युवाओं की उम्मीदों को भी पूरा करेगी। पिछले बघेल सरकार ने युवाओं की आकांक्षाओं को कुचला था, लेकिन हमारी योजना में राज्य के विकास के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। हम न केवल युवाओं के भविष्य को संवारेंगे, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेंगे, जो बघेल सरकार के समय में लगातार कमजोर होती गई।

# राज्य मुख्य निर्वाचन ने सुरेंद्र व विकास को करेंगे स्टेड अवार्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक में बेहतर चुनावी कार्य संपन्न और मतदाताओं की सूची दुरस्त कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों में जागरूकता लाने हेतु भानुप्रतापपुर ब्लॉक के दो शासकीय कर्मचारी भानुप्रतापपुर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा एआरईओ और ग्राम पंचायत चवेला के बीएलओ विकास सिंह ठाकुर को 25 जनवरी को रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाच आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के 33 जिलों में से पांच एआरईओ को स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा और भानुप्रतापपुर के चवेला ग्राम में बीएलओ विकास सिंह ठाकुर शामिल है।

इस सम्मान का श्रेय उनके समस्त उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन और अधिनस्त कर्मचारीयों को दिया है। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा ने बताया कि एआरईओ का मुख्य उद्देश्य नए



मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में आ जाए, मृतक लोगों का नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जाए..यही हमारी पहली प्राथमिकता रही कि हमारी मतदाता सूची शुद्ध हो, हमने एपिक रेशियों जिसमें महिला पुरुष मतदाताओं की संख्या बराबर रखने और नए मतदाता का डोर टू डोर और कॉलेज, स्कूल में जाकर नाम जोड़ा गया, जिसमें स्थानीय लोगों और कोटवारों का योगदान रहा, समय समय पर उन्होंने मुनादी करवाया।

उनके कार्यक्षेत्र में कुल 915 मतदाता मौजूद है, उनके कार्यक्षेत्र में जितने भी 18 प्लस मतदाता है उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया है। मतदाताओं को जोड़ने के गांव स्तर पर ही एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाया गया है, जिससे वे लगातार गांव के मतदाताओं से संपर्क में रहते है, विकास ने बताया कि वर्ष 2010 ने उन्होंने प्राथमिक शाला मरार पारा चवेला में ड्यूटी ज्वॉइन किया। जिसके बाद 2012 में बीएलओ का भी दायित्व सौंप दिया। शुरुवाती दिनों में वोटिंग प्रतिशत लगभग 50 प्रतिशत था, परंतु अब लगातार जागरूकता कार्यक्रम करवाने और मतदाता सूची दुरस्त करने के पश्चात अब मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

**तहसीलदार भानुप्रतापपुर एआरईओ : सुरेंद्र उर्वसा**

यह पुरस्कार समारोह 25 जनवरी 2025 को इंदरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया हैं। इसमें बेहतर चुनावी कार्य संपन्न और मतदाताओं की सूची दुरस्त कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने वाले भानुप्रतापपुर के एआरईओ एवं बीएलओ को पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान दे कर सम्मानित किया जाएगा।

**-बीएलओ चवेला : विकास सिंह ठाकुर**

# नगर पंचायत के मतदान दलों का प्रथम चरण का हुआ प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के रिटर्निंग आफिसर एसडीएम भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण स्थानीय सेंट जोसफ स्कूल में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 से 03 प्रशिक्षण हुआ। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में भानुप्रतापपुर के एसडीएम ने सभी मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी को निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से करने को कहा जो भी मन मे शंका हो उसका समाधान उपस्थित मास्टर ट्रेनरों से करें।मास्टर ट्रेनर द्वारा पूरी निर्वाचन की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया गया। पीठासीन अधिकारी का दायित्व क्या होता है एवं पूरे मतदान प्रक्रिया को पीठासीन अधिकारी किस तरह से



संचालित करेंगे इस बारे में बताया। साथ ही साथ पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 01 उनके निर्वाचन कार्य से अवगत कराया। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में कुल 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र बनाये गये है। इसके लिए 20 मतदान दलों का प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनरो इसमें मतदान प्रक्रिया को विस्तार से पीपीटी दिखाकर समझाया गया। मतदान दलों के सभी अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व में आप सबकी डयूटी लगायी गयी है। नगर पंचायत चुनाव में इस बार ईव्हीएम से होगा। एक ईव्हीएम में ही अध्यक्ष एवं पार्षद को वोट डलेगा। सभी को ईव्हीएम चलाकर प्रारंभ कर इसका पर्याप्त अभ्यास कराया गया साथ माक पोल सीआरसी ,सीलिंग, मतपत्र लेखा और पीठासीन की डायरी सीआरसी और क्लोज बटन आदि पर ज्यादा जोर देकर समझाया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदर सुरेंद्र उर्वशा, प्रशिक्षण प्रभारी सदे सिंह कोंमरे, बीईओ, टिकेश्वर सिंह ठाकुर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, बीआरसी राधेलाल नुरेटी मास्टर ट्रेनर्स मनोज चैहान, निरंकार श्रीवास्तव, के साथ साथ सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी उपस्थित थे।

# बैंको, एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही चेंकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को बैंको व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा जिले के बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही लगातार चेंकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों




की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो, बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/ पुलिस कंट्रोल रूम/ आपातकालीन नंबर मौजुद हो तथा बैंक पटल पर लिखे हो, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाए। रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 960 ग्राम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि वार्ड नं. 18 बाजार पारा बेमेतरा में एक व्यक्ति अपने घर परछी सामने अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ बिक्री करने हेतु रखा है कि मुखबिर सूचना के अधार पर थाना स्टाफ व गवाहो के साथ



मौके पर पहुचकर विधिवत रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 960 ग्राम कीमती करीबन 11,500/- रूपये व नगदी रकम 100/- रूपये, कुल जुमला 11,600/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की गई है। आरोपी सुरज डग्गर पिता स्व. गप्पू डग्गर उम्र 22 साल साकिन वार्ड नं. 18 बाजार पारा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा का है।

# टेकाढोडा में बालिका दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

प्राथमिक शाला आवास पारा टेकाढोडा में बालिका दिवस का जानजागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सभी बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर बालिकाओं को पुरुस्कृत किया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य संयोजक बृजेश ऊके द्वारा बालिका दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बालिका दिवस 24 जनवरी 2008 से प्रारंभ कर आज जनजागरुकता के रूप में मनाया जा रहा हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को सशक्त बनाए रखने, उनके अधिकारों और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध और हम सब इसका संकल्प लेते हैं। बालिका भी बालकों की तरह अनमोल है उन्हें भी शिक्षा में समान अवसर प्राप्त हो। बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं।

लिंग चयन न करें, कन्या शिशु को बचाएं। गर्भधारण पूर्व लिंग चयन एवं प्रसव पर लिंग परीक्षण एक दंडनीय अपराध है कि जानकारी दी गई।सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता राणा द्वारा बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में विस्तृत जानकारी देकर व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी, प्रधानपाठिका लखेश्वरी ताम्रकार, शिक्षिका कमला साहू, वेदकुमारी उर्वशा एवं बालिकाए उपस्थित हुए।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा में डाइट के छात्राध्यापकों ने किया नेवता भोज का आयोजन

## डीएलएड के छात्र अध्यापकों ने कराया स्कूल में नेवता भोज

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के शाला अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय चरण के 40 दिवसीय शाला अनुभव कार्यक्रम के तहत उनके कार्य पूर्ण होने पर उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा में न्योता भोज कराया गया। डाइट बेमेतरा के डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक मनीषा पटेल, निशा वर्मा, पुष्पा ठाकुर



और प्रीति वर्मा के द्वारा बच्चों को गोभी मटर की सब्जी, हलवा, पूड़ी, खिलाया गया। इनके शाला अनुभव के अंतिम दिवस के तहत शाला परिवार के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राध्यापकों को प्रधान पाठक राजकुमार पाटिल, शिक्षक भागीरथी साहू, कृष्ण कुमार करमाकर, बृजराज यादव के द्वारा भेंट स्वरूप उपहार प्रदान करके उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको विदाई दी गई।

## इरागांव में पुरुष एवं महिला कब्बड्डी का शुभारंभ



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम इरागांव में पुरुष एवं महिला कब्बड्डी का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि मुकेश्वरी नरेटी जनपद सदस्य दुर्गुकोंडल एवं कृष्णा कुमार दुग्गा सरपंच चिहरो द्वारा किया गया। अध्क्षता ठाकुर राम दरो सरपंच बरहेली ने किया संरक्षक दुष्यंत सिंह वाडिवा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय कब्बड्डी एवं राज्य स्तरीय रिकार्डिंग डांस साथ ही गायन प्रतियोगिता भी 26 जनवरी को आयोजन किया जाएगा उपस्थित रहे विजय पटेल सांसद प्रतिनिधि कांकेर, तोरण दुग्गा, बीरेंद्र टाडिया, अनिल दुग्गा बिजेशवर चुरेंद्र ग्राम गायता राधेश्याम गावड़े, बारातू राम दुग्गा, चेतन पोटाई, गोविंद नेवरा, अशोक पटेल, प्रेमसिंह नाग, अमित लाल धनालिया,राजेंद्र नाग, जीवन उईके, भूपेंद्र ध्रुव, नरेंद्र पटेल, चंद्रशेखर कुपाल, रोहित पटेल उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष बने डिगेश खापर्डे, हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

गहरे मंथन के बाद नगरीय निकाय चुनाव के बीच भाजपा ने भानुप्रतापपुर के नए मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दिया है। भानुप्रतापपुर के यादव सामूदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आई चिठ्ठी को मंडल चुनाव प्रभारी विजय मंडावी एवं सह चुनाव प्रभारी रत्नेश सिंह तथा जिला महामंत्री बृजेश चौहान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, सतीश श्रीवास्तव की उपस्थिति में खोला गया। जिसमे भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे का नाम निकला। जिसके बाद नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष का भाजपा पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों के द्वारा फूलमाला एवं आतिशबाजी कर स्वागत किया।

**पूर्व मंडल अध्यक्ष ने सौपा कार्यभार**-नए मंडल का अध्यक्ष नियुक्त होने पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने अपना कार्यभार रजिस्टर को नए मंडल अध्यक्ष को सौपा। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त



करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताकर उन्हें जिम्मेदारी दी थी। वह उसे कार्यकर्ताओं के सहयोग और पार्टी के मार्गदर्शन में पूरी ईमानदारी से निभाया। उन्होंने कहा उनके कार्यकाल के दौरान कोई गलती हुई होगी या फिर किसी को ठेस पहुंचा होगा तो उसके लिए वह क्षमा प्रार्थी हैं। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए विजय मंडावी ने कहा कि संगठन में एक पद पर कार्यकर्ता स्थाई रूप से पदस्थ नहीं होता है, परिवर्तन होता रहता है। जो नवीन मंडल अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं उन्हें बधाई एवं जो निवृत्तमान मंडल अध्यक्ष हैं उन्हें भी पार्टी के कार्यों से लगातार जुड़कर भाजपा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। हम सभी को मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करना है। बृजेश चौहान ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में भाजपा की प्रदेश में सरकार है। इसका निर्माण बूथ अध्यक्ष सहित बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं ने किया है। इस अवसर पर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष खापर्डे ने कहा कि मुझे भाजपा संघठन के द्वारा नवीन जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद मुझे ख़ुशी है कि में इस जिम्मेदारी को अच्छे से निभाऊंगा।

साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं ओर मेरे अपने भाइयो और माता बहनो सहित विरष्ठ जनो के द्वारा किये गए आत्मीय स्वागत के लिए आप सभी का आभार में पूरे देश प्रदेश सहित पूरे भाजपा संगठन सहित आप सभी लोगो का दिल से आभार मानता हूं। मुझे सौंपी गई जिम्मेदारी में पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।

# तिल्दा नेवरा के राजेंद्र वार्ड क्रमांक 20 में बह रही है श्रीमद् भागवत महापुराण की अविरल धारा

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बजरंग चौक राजेंद्र वार्ड क्रमांक 20 में महिला समिति के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की ज्ञान गंगा विगत दिनों से प्रारंभ है पंडित परम पूज्य महेश कुमार उपाध्याय कथावाचक के द्वारा कथा का श्रवण करवाया जा रहा है। भागवत कथा जो साथ दिवस पर्यंत साथ दिवस की यह कथा है। भागवत महात्म की कथा का गायन शुरुआत के दिन में हुआ जिसमें पदम पुराण अंतर्गत 6 अध्याय में भागवत महात्म की गाथा कहां गया जिसके अंतर्गत दो प्रमुख कथा हमको सुनने को मिलता है पहले कथा है। कि नारद के द्वारा भक्ति और उनके बेटे ज्ञान वैराग्य का उद्धार होता है। और दूसरी कथा है जिसको गोकर्णो उपाख्यान कहते हैं। जिसमें धुंधकारी के निमित्त गोकर्ण जी महाराज सबको कथा सुनाते हैं अब पहले दिन की कथा में प्रथम स्कंध की कथा हम लोगों ने श्रवण किया है प्रथम स्कंध की कथा में भगवान के अवतारों का वर्णन आता है और आगे



चलकर के तीन पुरुष परम भक्त भी भीष्म युधिष्ठिर और परीक्षित महाराज की कथा मिलती है और इसी प्रथम स्कंध में तीन नई परम भक्त पत्रों की चर्चा आती है। जिसमें कुंती माता द्रौपदी मैया और उत्तर मैया के संबंध में कथा आज हम लोगों ने श्रवण किया और उतरा मैया के ही गर्भ में परीक्षित महाराज आते हैं जिनके पिता अभिमन्यु महाराज हैं जब अश्वत्थामा के द्वारा ब्राम्हास्त्र छोड़ा गया तब उससे परीक्षित की रक्षा करने के लिए भगवान कृष्ण के द्वारा किया गया जब ब्राह्मण के द्वारा श्राप लगा तो श्रीमद् भागवत की वाणी गाकर के भगवान ने परीक्षित की रक्षा की की कथा हम लोगों ने श्रवण किया सुखदेव जी महाराज ने आकर के परीक्षित जी महाराज को धन्य किया है और कथा का विस्तार फिर कल से महाराज करेंगे तंत्र भगत भगवान व्यास पुत्र और अगले दिन अगले दिन की कथा में तीन गृहस्थियों की चर्चा आएगी जिसमें पहले गृहस्थी है मनु और शतरूपा के पांच संताने होती हैं तीन बेटी और दो बेटे जिसमें से देवहुति, आकृति और प्रसूति तो यह हुए पहले गृहस्थ दूसरे गृहस्ती की चर्चा यह हुए पहले गृहस्थ दूसरे देवहूति का विवाह कर्दम के साथ होता है कपिल भगवान अवतार लेते हैं और शांति शास्त्र का विस्तार करते हैं और तीसरे गृहस्थ की चर्चा आती है जिसमे कश्यप की पत्नी है जिसमें से दिति और अदिति देवता और दानव की दोनों की मां और अदिति किन को कहा गया जो देवताओं की मां है तो द्वितीय और कश्यप के सहयोग से और हिरंकाशप जन्म लेते हैं।


**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**निविदा सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्त व नियम 8 (6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना
आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी / प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता "जैसे है जहाँ है" जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे हैं। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार हैं-

| ऋणी/सह-ऋणी/जमानती/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि दिनांक | 13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक | कब्जे की दिनांक | संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति) | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | संपत्ति की धरोहर राशि | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान आवास फाईनेन्सियर्स लि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अभिषेक बंछोर,** हेमा वी बंछोर जमानतदार: तिकेश कुमार बंछोर **खाता सं. :** LNRAI00720-210153036 व LNRAI09522-230226264 | ₹ 15,19,661.00/- व ₹ 11,05,977.00/- बकाया दिनांक 13 जनवरी 2025 | 9 जनवरी 2024 ₹ 1272141/- व ₹ 913066/- बकाया दिनांक 8 जनवरी 2024 | 17 अक्टूबर 2024 | सम्पत्ति केएच नं. 411/44 का भाग, मौजा तेमारेई में स्थित, पी.एच नं. 115/54, आर.एन.एम. रायपुर-1, तहसील व जिला-रायपुर, छत्तीसगढ-492001 **क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट ( 0.0280 हैक्टेयर )** | ₹ 1932800/- | ₹ 193280/- | प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 28 फरवरी 2025 | शॉप नं. 89 व 104 से 109, पहली मंजिल, डी.एम. टॉवर, रावतभाटा, बिलासपुर रोड, रायपुर-492331 छत्तीसगढ़-भारत |

**निविदा की शर्तें :** 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि के चैक/बैंकर्स चैक/माँग ड्राफ्ट जो कि प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय हो, नीलामी से पहले कार्य दिवस के दौरान आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के उपरोक्त पते पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं।प्राप्त निविदाएं आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी।इसके पश्चात निविदाकर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। 2. सफल निविदाकर्ता को 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना बैंक में जब्त समझी जायेगी। 3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है।निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी। 4. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020 **मनोज कुमार - 8130291423 नोटः-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ताके लिए भी नियम 9 (1) /8(6) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा कि यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर ही विक्रय की जाएगी।

**स्थान : जयपुर** **दिनांक: 26.01.2025** **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

जय हिंद अमर जवान

समस्त क्षेत्रवासियों को
## गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



**चंद्रमौली शर्मा, कटगी**

समस्त क्षेत्रवासियों को
## गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



**विमल अजय**
**जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14**

जय हिंद अमर जवान

समस्त क्षेत्रवासियों को
## गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



विनीत :- **सिंचाई विभाग**
**कसडोल**

समस्त क्षेत्रवासियों को
## गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



विनीत :- **संतोष टंडन**
**एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत छरछेद विकासखंड कसडोल**

संकलनकर्ता-न्याय मिश्रा, संवाददाता, कसडोल, मोबाइल-93408-80758







संकलनकर्ता-न्याय मिश्रा, संवाददाता, कसडोल, मोबाइल-93408-80758








































राष्ट्रीय अखबार पायनियर हिन्दी में समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संकलनकर्ता-

**पंकज टांडे**

संवाददाता पामगढ़, मोबाइल-85160-75700

# भिंभौरी में हुआ मानस का महाकुंभ बोरेंदा दुर्ग की मंडली रही प्रथम



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा के नगर भिंभौरी में विधि हरि हर मानस मंडली के तत्वावधान में समस्त नगर वासी के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय विराट मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के नामचीन मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम राम भक्तो का उत्साह देखने को बनता था कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के पुरोहित महराज के करकमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात बस्तर एवं उड़ीसा से पहुंचे मानस मंडलियों के सांगीतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया संध्या कालीन बेला में गंगा मईया के तर्ज पर राम की महाआरती आयोजन हुआ।

## आयोजन में प्रतिभागी मंडली को पुरस्कृत किया गया

पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार स्वरांजली मानस मंडली तुमकला, द्वितीय राम चरित मानस मंडली खलना उड़ीसा बार्डर, तृतीय जय गुरुदेव मानस मंडली उपरवारा, चतुर्थ प्रज्ञा मानस मंडली सरायपाली, पंचम राम रसिया मानस मंडली चमारी, छठवां रघुवर मानस मंडली चरॉ, सप्तम आदित्य मानस मंडली रिसाली, अष्टम बस्तरिहा मानस मंडली कोंदागांव उ बस्तर, महिला वर्ग में तुलसी के संदेश महिला मानस मंडली बोरेंदा, द्वितीय वंदना महिला मानस मंडली पडकी भाट, तृतीय नवजागृति महिला मानस मंडली धौराभाठा, चतुर्थ प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खामही को प्रदान किया गया। विशेष पुरस्कार में व्याख्या विशेष में दाई के दुलार मानस मंडली कन्हार पूरी हारमोनियम राम रसिया मानस मंडली चमारी गायन गुरु कृपा मानस मंडली सुखाताल बैंजो प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खाम्ही बांसुरी शिव शक्ति मानस मंडली लाटा अनुशासन परमेश्वर मानस मंडली सेंमहरतरा को प्रदान किया गया निर्णायक के रूप में महराज दिन धीवर एवं सुरेन्द्र देवदास जी का विशेष सहयोग रहा वही मंच सारथी के रूप में कमलेश वर्मा देवलाल सिन्हा रामगोपाल धीवर ने कार्यक्रम में समा बांधा प्रभु राम के भक्ति मय वातावरण डुबकी लगाने समस्त नगर वासी सहित आप पास के राम भक्त नगर भिंभौरी पहुंचे इसके अलावा जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा एवं किसान नेता योगेश तिवारी सहित मानस दर्शन जीवन अर्पण के संस्थापक दीपक अंजली गुहा सहित मा भद्रकाली जिला मानस संघ के पदाधिकारी डॉ ओंकार चंद्राकर यदु उत्तम साहू राजकुमार ताम्रकार ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया समिति के पदाधिकारीय हरिश्चंद्र वर्मा माखन साहू मोती लाल साहू हीरालाल साहू मोतीलाल साहू सतीश देवदास राजेंद्र वर्मा खिबराज धीवर चंद्रविजय धीवर रुखूँम साहू दिलीप टिकरिहा का विशेष सहयोग रहा अंत में आभार आयोजक समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र वर्मा ने किया ।

# धूमधाम से मनाया गया विधायक दीपेश साहू का जन्मदिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक दीपेश साहू के जन्मदिन पर सुबह से ही उनके निवास पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके चाहने वाले समाज के सभी वर्गों के शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं, अधिकारी कर्मचारियों का तांता लगा रहा। प्रदेश भर से पहुंचे हजारों लोगों ने उनसे प्रत्यक्ष रूप से भेट कर जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपाइयों ने अपने नेता के जन्मदिन को यादगार बनाने कोई कसर नहीं छोड़ी। सुबह 12 बजे से की विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भीमभौरी के कर्मा भवन में नगर पंचायत बेरला के कर्मा भवन में विधायक दीपेश साहू का महिला मोर्चा द्वारा उन्हें तिलक लगा कर अभिनंदन देते हुए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केट काटकर भाजपा गमछा पहनाकर बधाई दी द्य इस दौरान विधायक दीपेश साहू को बधाई देने बेमेतरा जिला ही नही छत्तीसगढ़ के दूर दारज गाँव से उनके समर्थक उन्हें बधाई देने पहुंचे हुए थे, और ढोल नंगाड़े और आतिश बाजी के साथ उनके दीर्घायु की कामनना करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा की 23 जनवरी को जन्मदिन पर आशीर्वाद, बधाई, शुभकामनाएं देने के लिए आप सभी स्नेहीजनों के प्रति हृदय की गहराइयों से मेरा आभार।प्रदेश भर से पहुंचे विभिन्न समाजों, वर्गों, राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों, कर्मचारी संगठनों, गणमान्य नागरिकों सहित सदैव मेरे साथ रहने वाले भाजपा के मेरे सहयोगी कार्यकर्ता साथियों ने भेट कर अपना स्नेह प्रकट किया और बधाई दी। ईमेल, टेक्स्ट मैसेज, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम के माध्यम से सैकड़ो साथियों का बधाई शुभकामना संदेश मुझे प्राप्त हुआ है। आप सभी के अपनत्व, स्नेहपूर्ण बधाई एवं शुभकामनाएं ही मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी है। जो मुझे जीवन में उत्साह का संचार एवं बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। आप सभी की निरंतर सेवा, क्षेत्र विकास के कार्यों में आपका दीपेश साहू सदैव उपस्थित है। इस अवसर अवधेश सिँह चंदेल प्रदेश महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,बेरला मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत ,जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, पूर्व बेरला मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल, यशवंत साहू, पोषण वर्मा, भोजेंद्र वर्मा, तहसील साहू संघ बेरला अध्यक्ष सूर्यकान्त साहू, राजा गौकरण साहू, अमृत महेशवरी ,कन्हैया सेन,पुरुषोत्तम यादव, खिल्लू साहू सहित भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्त्ता नगर वासी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ताम्रध्वज ने ली नगर पंचायत चुनाव को लेकर बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत उतई में संपन्न होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में नगर पंचायत उतई में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व चुनाव प्रभारी प्रदीप शर्मा ने सभी प्रत्याशियों से एक-एक करके बात कर सभी से रूबरू हुए और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बैठक में सभी से मिलकर उतई में एकजुट होकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, पार्षद गण तोशन साहू, प्रहलाद वर्मा, राकेश साहू, पूर्व एल्डरमेंन प्रेमनारायण साहू, शैलेश देवांगन, चोवराम साहू, मुकेश साहू, धनंजय नेताम, द्वारिका साहू, वीरेंद्र गोस्वामी, खेमन मंडावी, भरत मंडावी, संजय गोस्वामी, नंदकुमार, लोकनाथ भारती, संजय श्रीवास्तव, विजय पांडेय, मुकेश साहू, गोविंद बंजारे, टीकम डोडे, अजय कुमार ढीमर, सरोज ठाकुर, रमशिला, सुनीति साहू, पिंकी ढीमर, रमशिला नेताम, खेमिन बंजारे, पार्वती मंडावी, हीरा वर्मा, हुलसी वर्मा, राधिका हिरवानी, सुनीति साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। उक्त दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय ढोलिया, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर छात्राओं को उक्त दिवस के अवसर पर सचिव, निधि शर्मा द्वारा विशेष दिवस के अवसर कहां गया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भारत में चुनावों के प्रति नागरिकों की भागीदारी को बढ़ाना और लोकतंत्र को मजबूत करना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2011 को शुरूआत किया गया था। मतदाताओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए, इसके जरिए लोगों में चुनावी प्रकिया के प्रति जिम्मेदारी और संवदेनशीलता को बढ़ावा मिलता है। इसके अतिरिक्त पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, हिट एण्ड रन योजना, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971 एवं आगामी लोक अदालत 08 मार्च 2025 के संबंध में भी जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश, श्रुति साहू द्वारा विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी के जरिये विशेष दिवस को समझाया व सुसार्विका चतुर्वेदी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, पाक्सों एक्ट के संबंध में भी जानकारी दी। दिनेश तिवारी चीफ, एलएडीसी, मोतीलाल वर्मा डिप्टी चीफ, एलएडीसी, सुगीता दास असिस्टेंट, एलएडीसी, अमन दुबे असिस्टेंट, एलएडीसी, बेमेतरा द्वारा भी विशेष दिवस पर कहां गया कि मतदान करना अपना अधिकार है साथ ही साथ किसी प्रलोभन में ना आकर जनता के हित में कार्य करने वाले उम्मीद्वार का चयन करना हमारा कर्तव्य है। उक्त कार्यकम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. टी.डी. साहू, समस्त सहायक प्राध्यापक व छात्र-छात्राएँ एवं प्राधिकरण के पैरालिगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) की उपस्थिति रही।

# जिले के विभिन्न कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, वाहन रिपेरिंग सेंटर, हॉट-बजार में खडी वाहनों का औचक चेकिंग

## सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से 142 वाहनों का किया गया चेकिंग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने संपत्ति संबंधी अपराध में नियंत्रण करने एवं सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, वाहन रिपेरिंग सेंटर, मेला मंडाई, हॉट-बाजार एवं वाहन चेकिंग के दौरान वाहनो का चेकिंग कर गुम/चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करने के संबंध में सायबर सेल एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना/चौकी स्टाफ के द्वारा सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, वाहन रिपेरिंग सेंटर, , हॉट-बाजार, सदर बजार एवं चौक-चौराहो में वाहन चेकिंग कर व पेट्रोलिंग के दौरान सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से कुल 142 वाहनो का चेकिंग की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने जिले के सभी थाना/चौकी व यातायात प्रभारी को वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर वाहन को जप्त करने और सभी थाना/चौकी व यातायात प्रभारी को वाहनों की चेकिंग एवं पेट्रोलिंग के दौरान सशक्त एप' (एप्लिकेशन) के माध्यम से गुम/चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करने के निर्देश दिए हैं।



# रामदेव बाबा से मिले जन सेवक शिवम तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा के जनसेवक भाजपा नेता शिवम तिवारी रायपुर में योग ऋषि एवं पतंजलि प्रमुख बाबा रामदेव से सौजन्य मुलाकात किया है। जनसेवक शिवम तिवारी ने कहां की देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व में बाबा रामदेव द्वारा योग के माध्यम में सैकड़ों असाध्य रोगों का निवारण किया जा रहा है वही लोगो को निरोग स्वास्थ्य करने योग के विभिन्न आसन बतलाए जा रहे है।



# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारी हुए शामिल







## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मनांद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में शनिवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम सुरेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा देश के प्रत्येक नागरिकों एवं मतदाताओं के लिए मतदान को अधिकार ही नही अपितु कर्तव्य बताते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

### नए मतदाताओं को शुभकामनाएं- श्याम लाल नवरत्न

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत देश के प्रत्येक नागरिको को शासन व्यवस्था के संचालन में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मताधिकार के रूप में महत्वपूर्ण अस्त्र प्रदान किया गया है। श्याम लाल नवरत्न ने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। श्याम लाल नवरत्न ने 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरांत मतदान के लिए अधिकार प्राप्त करने वाले नए मतदाताओं को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिकों को 18 वर्ष की आयु पूरा करने के उपरांत मिलने वाले मताधिकार के अलावा अन्य अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले वासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महती भागीदारी सुनिश्चित करें

इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन, सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके नियंत्रण हेतु मताधिकार के रूप में देश के प्रत्येक नागरिकों को ब्रह्मस्त्र मिला है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महती भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शासन-प्रशासन के लोगों के अलावा आम जनता की भागीदारी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी के समवेत प्रयासों से ही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। उन्होंने जिले में मतदान के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पिछ्ले लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान किए गए नवाचारों के संबंध में भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत जिले के पिंक मतदान केन्द्रों में शतप्रतिशत महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### कलेक्टर ने मताधिकार का प्रयोग करने दिलाई शपथ

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि इन मतदान केन्द्रों में तैनात महिला मतदान कर्मियों द्वारा पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, वह वास्तव में अतुलनीय एवं काबिले-तारीफहै। कलेक्टर ने कहा कि बालोद जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाताओं की तुलना में अधिक है। इसलिए आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु महिला मतदाताओं की समुचित भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए तथा देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्क्षूण बनाए रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

### अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए : डॉ. कन्नौजे


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले देश के प्रत्येक नागरिकों को मतदान का अधिकार मिलने के साथ-साथ कर्तव्य भी जुड़ा हुआ है। इसलिए हम सभी मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का प्रतिवेदन वाचन करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने जिले के प्रत्येक मतदाताओं से आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नये मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान कर तथा मतदाता जागरूकता के कार्य एवं निर्वाचन के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, बीएलओ आदि को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन के कार्य का भी अवलोकन किया। समारोह में तहसीलदार आशुतोष शर्मा, नायब तहसीलदार मुकेश गजेन्द्र, समारोह में स्वामी आत्मनांद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय बालोद के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।











संकलनकर्ता :- दिलीप माहेश्वरी, ब्यूरोचीफ बलौदाबाजार, मो.- 9926480185

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-156 मूल्य 3.00 ₹

## अवकाश एवं शुभकामना संदेश

पायनियर परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर **पायनियर समाचार पत्र** के कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 28 जनवरी को प्राप्त होगा।

**-संपादक, पायनियर**

## क्विक न्यूज़

### रेलवे सुरक्षा विशेष बल के 16 अधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रपति और पुलिस पदक

**नयी दिल्ली।** गणतन्त्र दिवस, 2025 के अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल/ रेलवे सुरक्षा विशेष बल के 16 अधिकारियों एवं कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से अलंकृत करने की घोषणा की गयी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पदक उत्तर मध्य रेलवे में तैनात महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिय नंदन सिन्हा को देने की घोषणा की गई है।



### जगदीप धनखड़ ने की सुबियांतो से मुलाकात

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की और दोनों देशों की आपसी संबंधों पर चर्चा की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां बताया कि दोनों नेताओं की इस मुलाकात के दौरान विचार विमर्श दोनों देशों के दीर्घकालीन संबंधों और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर केंद्रित रहा।



# लाल किले में पहुंची छत्तीसगढ़ की झांकी, भारत पर्व 2025 में बढ़ाएगी शोभा

**पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर**
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक प्रस्तुत की गई है। यह झांकी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर, पारंपरिक लोक जीवन और रामनामी समुदाय की अनोखी पहचान को खूबसूरती से दर्शाती है। रामनामी समुदाय, जो भगवान श्री राम के प्रति अपनी अनन्य भक्ति के लिए जाना जाता है, इस झांकी का मुख्य आकर्षण है। भारत पर्व 2025 का आयोजन लाल किला प्रांगण में 26 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों झांकियां भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकास यात्रा को प्रदर्शित करेंगी। छत्तीसगढ़ की झांकी राज्य की जनजातीय संस्कृति के विविध रंगों को उजागर करेगी। यह झांकी दर्शकों को न केवल राज्य की कला और संस्कृति से रूबरू कराएगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज की विशिष्ट जीवनशैली और उनकी अनूठी परंपराओं की झलक भी दिखाएगी। भारत पर्व हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम 26 जनवरी से 31 जनवरी तक नई दिल्ली के लाल किला प्रांगण में आयोजित किया जाता है। इस पर्व में सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक प्रवेश निशुल्क होता है। यह भारतीय संस्कृति, परंपरा, तथा विविधता को करीब से देखने का शानदार अवसर प्रदान करता है। भारत पर्व में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल विभिन्न राज्यों की झांकियों को देखने के साथ ही फूड वेंडर्स के स्टॉल पर विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

## सीएम साय ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाए दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सदस्यों के योगदान को नमन करने का है। सीएम साय ने कहा इस वर्ष का गणतंत्र दिवस संविधान लागू होने के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव हैं। आइए, विविधता में एकता के इस पर्व पर संवैधानिक आदर्शों का पालन करते हुए 'विकसित भारत- विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।

## भारत- इंडोनेशिया ने ग्लोबल साउथ के हितों एवं प्राथमिकताओं के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जतायी

**पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



भारत और इंडोनेशिया ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के फैसले के साथ ही हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ के हितों एवं प्राथमिकताओं के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जतायी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में यह सहमति जतायी गयी। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, आयुष, समुद्री सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, डिजीटल विकास को लेकर पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। बाद में दोनों नेताओं ने मीडिया को अपने प्रेस वक्तव्य दिये। पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, 'भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि जब हम गणतंत्र के 75 वर्ष का जश्न मना रहे हैं।

# 26 जनवरी के दिन ही भारत का संविधान लागू हुआ था : राष्ट्रपति मुर्मु

**पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट को संबोधित करते हुए कहा मेरे प्यारे देशवासियों, को नमस्कार! इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं, आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं। आज से 75 वर्ष पहले, 26 जनवरी के दिन ही, भारत गणराज्य का आधार ग्रंथ यानी भारत का संविधान, लागू हुआ था। लगभग तीन वर्ष के विचार-विमर्श के बाद, संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को अंगीकृत किया था। इसी उपलक्ष में 26 नवंबर का दिन, वर्ष 2015 से संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। गणतन्त्र दिवस का उत्सव, सभी देशवासियों के लिए सामूहिक उल्लास और गौरव का विषय है। यह कहा जा सकता है कि किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का समय, पलक झपकने जैसा होता है। लेकिन मेरे विचार से, भारत के पिछले 75 वर्षों के संदर्भ में, ऐसा बिलकुल नहीं कहा जा सकता है। यह वह कालखंड है जिसमें, लंबे समय से सोई हुई भारत की आत्मा फिर से जागी है और हमारा देश विश्व-समुदाय में अपना समुचित स्थान प्राप्त करने के लिए अग्रसर हुआ है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को, ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था। लेकिन, भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा। औपनिवेशिक शासन में, अमानवीय शोषण के कारण देश में घोर गरीबी व्याप्त हो गई। आज के दिन, सबसे पहले, हम उन शूर-वीरों को याद करते हैं जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानियां दीं। उनमें से कुछ स्वाधीनता सेनानियों के बारे में लोग जानते हैं, लेकिन बहुतों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। इस वर्ष, हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं। वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं। जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है। बीसवीं सदी के आरंभिक दशकों में, स्वाधीनता सेनानियों के संघर्षों ने संगठित राष्ट्र-व्यापी आंदोलन का रूप ले लिया। देश का सौभाग्य था कि महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर और बाबासाहेब आंबेडकर जैसी महान विभूतियों ने हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को फिर से जीवंत बनाया। न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो। ये जीवन-मूल्य तो सदा से हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रहे हैं। नव-स्वाधीन भारत के संविधान और गणराज्य के भविष्य को लेकर जो आलोचक संदेह व्यक्त करते थे।

## नक्सलियों ने पर्चा जारी कर किया दावा : 50 लाख का नक्सली कमांडर दामोदर राव जिंदा है

**बीजापुर।** पुलिस ने 50 लाख के इनामी नक्सली दामोदर उर्फ चोखा के मारे जाने का दावा किया था। लेकिन नक्सलियों ने दोबारा पर्चा जारी कर दामोदर राव के जिंदा होने का दावा किया है। नक्सलियों की दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के प्रवक्ता समता ने यह प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें दमोदर राव के जिंदा होने के साथ ही पुलिस पर 4 ग्रामीणों की हत्या करने का आरोप लगाया है। इससे पहले दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी की सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर मुठभेड़ में नक्सली कमांडर दामोदर के मारे जाने की बात कही थी। लेकिन अब समता के नाम से जारी प्रेस नोट में इसका खंडन किया है और पुलिस पर नक्सलियों के नाम से पर्चा जारी करने का आरोप लगाया। आपको बता दें 16 और 17 जनवरी को बीजापुर के पुजारी कांकेर इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के बाद नक्सलियों ने पर्चा जारी कर दामोदर राव सहित 18 नक्सलियों के मारे जाने की बात कही थी। दामोदर राव उर्फ चोखा नक्सलियों की तेलंगाना राज्य समिति का सदस्य है। नक्सलियों का यह संगठन छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बॉर्डर पर सक्रिय है। दामोदर नक्सलियों की कई बड़ी वारदातों का मास्टर माइंड रहा है। पुलिस ने उस पर 50 लाख रुपये का इनाम रखा था।


## वीर गाथा विजेता को किया सम्मानित


**वार्ता ∢ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय शिक्षा धर्मेंद्र प्रधान ने 'वीर गाथा' के सुपर-100 विजेताओं को सम्मानित किया, जिनमें 66 लड़कियां शामिल हैं। सम्मान समारोह में प्रत्येक विजेता को 10 हजार रुपये नकद, एक पदक और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ये सुपर-100 लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों में से हैं, जो 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखेंगे। सिंह ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने परियोजना के इस चौथे संस्करण में 1.76 करोड़ से अधिक छात्रों की अखिल भारतीय भागीदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि यह शिक्षा के माध्यम से वीरों को पहचान प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा भारत के भविष्य के नायक हैं और वे वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने की परिकल्पना में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि वीर गाथा जैसी पहल स्कूली छात्रों को वीर वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता और बलिदान के बारे में शिक्षित करती है और साथ ही युवा दिमाग की रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि यह पहल देशभक्ति, साहस और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को विकसित करने में मदद करेगी, जिससे छात्रों को राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरणा मिलेगी।




देश की एकता, अखंडता एवं
लोकतंत्र की अजेयता को समर्पित
गणतंत्र दिवस
26 जनवरी
की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अरुण साव
उप मुख्यमंत्री ( छत्तीसगढ़ शासन )

# नर्सों के प्रति आभार व्यक्त करने श्री बालाजी हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी हॉस्पिटल में नर्सों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे स्टूडेंट लीडरशिप सोसाइटी के सदस्यों द्वारा डॉ. अनिल दुबे की मेंटरशिप में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की टीम लीडर संस्कृति गोयल थीं और टीम के अन्य सदस्य अस्मी, जय, अनंत, शुभी, अभिप्सा, मधुसूदन, विनीत, आदित्य, चैतन्य, भास्कर, अविरल, सौम्या, श्रद्धा, आशीष, प्रखर, प्रबोध और अयाज थे। कार्यक्रम के माध्यम से इन सभी ने नर्सों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। एक स्किट और गानों के जरिए नर्सों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाया गया। साथ ही, नर्सों की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा की गईं। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टरों द्वारा एक वीडियो संदेश के माध्यम से नर्सों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम ने नर्सों के प्रति सम्मान और उनके अमूल्य योगदान को विशेष रूप से उजागर किया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक एवं डीन देवश्री सरकार, एकेडमिक डीन डॉ. मानिक चटर्जी की उपस्थिति ने समारोह की भव्यता को बढ़ा दिया। सभी ने इस आयोजन की सराहना की।


















# नगरीय निकाय एवं पंचायतों में भाजपा के खिलाफ मतदान होगा : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नगरीय निकाय एवं पंचायतों में भाजपा के खिलाफ मतदान होगा। भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। 1 साल कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है, आए दिन हत्या, लूट, डकैती, गैंगवॉर, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़ आ गयी है। कलेक्टर, एसपी कार्यालय तक जलाए जा रहे हैं। भयमुक्त वातावरण देने में यह सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। जनता का आक्रोश चरम पर है, भीड़ अधिकारियों को दौड़ने लगी। मोदी की गारंटी हुई फेल, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा था, उल्टे विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, संविदा कर्मचारी नौकरी से निकाले जा रहे हैं। एक लाख पदों पर नियमित सरकारी भर्ती का वादा जुमला निकला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि शिक्षकों के 33000 पदों पर सीधी भर्ती को बाधित कर दिया गया है। भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता का वादा झूठा, इंस्पेक्टर भर्ती में बिना अंक सूची जारी किए भर्ती सूची जारी, पीएससी परीक्षा में इंटरव्यू में दिए गए अंकों को लेकर सवाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। अधिकतम खरीदी 20 क्विंटल 40 किलो, फर्जी अनावरी रिपोर्ट जारी कर किसानों से ठगी की जा रही है। टोकन, बारदाना से लेकर तौलाई में गड़बड़ की शिकायत पूरे प्रदेश में है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किसी को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में धान खरीदी का नगद भुगतान केंद्र खोलने का वादा भी जुमला निकला। पिछले खरीफ़ सीजन के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त हड़प लिए। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद कर दिया गया। शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना दुर्भावना पूर्वक बंद कर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर के बीजापुर, पीडिया, कोयलीबेडा में फर्जी एनकाउंटर की घटनाएं, सरगुजा में हसदेव अरण्य में जंगलों की अवैध कटाई का विरोध करने वाले आदिवासियों पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया गया।


# ब्रह्माकुमारी बहनों ने प्रभावी संवाद कौशल और नेतृत्व कला विषय पर दिए उपयोगी टीप्स

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा बैंक के परिवीक्षाधीन अधिकारियों (पी.ओ.एस.) के लिए होटल आदित्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ब्रह्माकुमारी अंशु और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी का व्याख्यान आयोजित किया गया। विषय था-प्रभावकारी संवाद कौशल और नेतृत्व कला। ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने प्रभावी संवाद कौशल विषय पर बोलते हुए कहा कि बैंक मैनेजर्स को सकारात्मक दृष्टिकोण वाला होना चाहिए। उसके अन्दर प्रभावी संवाद कौशल का होना भी जरूरी है जिससे कि वह अपनी बात को खाताधारकों को अच्छी तरह से समझा सकें और उनकी समस्याओं का समाधान कर सकें। हमारी बातचीत में 7 प्रतिशत योगदान शब्दों का होता है बाकि 38 प्रतिशत बोलने का लहजा और 55 प्रतिशत बॉडी लैंग्वेज कार्य करता है। उन्होंने आगे बतलाया कि कई बार हम कहते कुछ हैं और लोग समझते कुछ और हैं। इसका कारण है कि एक ही शब्द के कई अर्थ होते हैं। इसलिए शब्दों का चयन सोच समझकर करें। हमें बैंक में आए लोगों को समय पर और सही जानकारी देनी चाहिए। प्रभावी संवाद कौशल की बुनियाद ईमानदारी पर टिकी है। यह अन्य लोगों को समझने की कला है न कि तर्क जीतना या अपनी बात दूसरों पर थोपना। जिन समस्याओं का हल गूगल न दे सके उसका समाधान हम बतलाएं तो हम बुद्धिमान कहलाएंगे। एक अच्छे मैनेजर की विशेषता बतलाते हुए उन्होंने कहा कि पहले हमें लोगों की समस्याओं को धैर्यवत होकर शान्त मन से सुनना चाहिए। उनसे घुल-मिल जाएं और पूरी जानकारी लेने के बाद उनकी समस्याओं को महसूस करें फिर उसका समाधान निकालें। बैंक में कार्य करते समय राजयोग मेडिटेशन की सहायता से मन को शान्त रखना सीखें। यदि आपका मन शान्त नहीं होगा तो किसी को सुन नहीं सकेंगे।



# ई-रिक्शा चालकों को ड्रेस का वितरण कर दिलाई गई मतदाता दिवस और सड़क सुरक्षा की शपथ



पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com

1 जनवरी से यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा 36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है जिसके तहत अलग-अलग दिन अलग-अलग थीम पर जागरूकता अभियान यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा चलाया जा रहा है इसी कड़ी में शनिवार को प्रेस क्लब कोरबा में ई रिक्शा चालक संघ की उपस्थिति में वाहन चालकों को ड्रेस का वितरण किया गया। इस खास अवसर पर सीएसपी कोरबा चौहान एवं यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर सहित अन्य स्टाफ एवं कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल और कार्यकारिणी सदस्य नीलम पदवार मौजूद रहे इसके अलावा ई-रिक्शा चालक एवं मालिक संघ के पदाधिकारी भी इस खास अवसर पर उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान समस्त उपस्थित ई रिक्शा चालकों को अतिथियों के कार्यक्रमों से ड्रेस का वितरण किया गया। साथ ही मतदाता दिवस और सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। चौहान ने उपस्थित ई रिक्शा चालकों से सड़क सुरक्षा को लेकर बनाए गए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने आग्रह किया कार्यक्रम को कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित कर उपस्थिति की रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनसे आग्रह किया कि वह आम जनता के साथ सौहार्द्र तरीके से पेश आए और आम जनता का विश्वास अर्जित करें अतिथियों ने कहा कि चालक स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें साथ ही आम जनों से भी यातायात नियमों का पालन करने उन्हें जागरुक करते रहें यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि 31 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह का समापन होगा इससे पहले प्रतिदिन यातायात पुलिस कोरबा परिवहन विभाग कोरबा और कोरबा पुलिस के द्वारा लगातार लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# आरोपियों के विरूद्ध भाटापारा शहर पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार भाटापारा अंतर्गत थाना भाटापारा शहर अंतर्गत बैक खातो को खाता धारक से लेकर आपराधिक गतिविधियो मे उपयोग करने वाले आरोपीयो के विरूद्ध कार्यवाही करने मे भाटापारा शहर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो की आवेदक जितेश कवरे निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा द्वारा थाना भाटापारा शहर मे रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसके एचडीएफसी बैक के खाता को उसके परिचित शुभम मंधान के द्वारा अपना दुकान खोलने के लिये बैंक खाते की आवश्यकता होना, बताकर उसके एटीएम कार्ड एवं रजिस्ट्रर्ड मोबाईल सीम को लिया था। बाद मे आवेदक को ज्ञात हुआ की उसके बैक खाता को आपराधिक वारदात मे उपयोग होने के कारण होल्ड कराया गया है। प्रार्थी के आवेदन पर आरोपी शुभम मंधान के विरूद्ध 318(4), 314,61 बीएनएस 7 छ.ग़. जुआ(प्रतिषेध) अधिनियम का अपराध दर्ज कर अनुसंधान मे लिया गया। प्रकरण मे पुलिस द्वारा आरोपी शुभम मंधान को पकडा गया, जिससे पुछताछ करने पर उसने मई 2024 मे प्रार्थी जितेश कवरे के बैक खाता को अपने उपयोग मे लेने का झांसा देकर उसके खाता के एटीएम कार्ड को लिया था और अपने परिचित अन्य आरोपियो को उक्त खाता का एटीएम दिया था, जिसमे आपराधिक गतिविधियो से प्राप्त राशि का डिपोजिट एवं विड्राल किया जाता था एवं उक्त खाते मे 50 लाख से अधिक राशि का ट्रांजेक्शन होना स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया की उसके द्वारा श्रीराम रात्रे, सोनु नारंग, हरिकेश घृतलहरे, इमरान खान, मो0 आदिल के साथ मिलकर एवं भाटापारा के कुछ अन्य व्यक्तियो के साथ मिलकर क्षेत्र के अन्य खाता धारको से अलग अलग बैक के खातो के एटीएम कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाईल सीम को प्राप्त कर आनलाईन गेमिंग, सट्टा आदि के वित्तीय अपराध मे दुरूपयोग करना स्वीकार किया। मामले मे हरिकेश सहित अन्य 05 आरोपियों को भी पुलिस द्वारा पकडकर पुछताछ किया गया है, जिन्होने बताया है कि उनके द्वारा क्षेत्र के कुछ अन्य खाता धारको को रूपये पैसे का लालच देकर धोखाधडी कर उनके बैक खाता के पासबुक, ATM कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाईल सीम को प्राप्त किया गया है और प्राप्त खातो को उनके द्वारा मामले मे शामिल अन्य आरोपीयो को पहुंचाया जाना तथा उक्त बैक खातो मे लाखो रूपये का ट्रांजेक्शन होना बताया गया है। मामले मे आरोपियो के कब्जे से विभिन्न बैको के 04 नग पासबुक, 06 ATM कार्ड, चेकबुक 04 नग, घटना मे प्रयुक्त मोबाईल 06 नग, 3500 रूपये नगदी बरामद कर जप्त किया गया है। मामले मे आरोपियो के द्वारा खाता धारको को रूपये पैसे का लालच देकर अपने व्यक्तिगत उपयोग हेतु खाता संचालन की आवश्यकता होना बताकर धोखाधडी कर लाभ अर्जित करना एवं प्राप्त बैक खातो को आपराधिक गतिविधियो मे दुर्विनियोग करना पाये जाने से 06 आरोपीयो को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

# 16 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 02 आरोपी को किया गिरफ्तार थाना पामगढ़-नवागढ़ पुलिस की त्वरित कार्यवाही

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




16 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब/ देशी प्लेन शराब के साथ 02 आरोपी को किया गिरफ्तार थाना पामगढ़/नवागढ़ पुलिस की त्वरित कार्यवाही। जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में थाना पामगढ़/थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमें थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर 25/01/2025 को रेड कार्यवाही कर आरोपी कमलेश रात्रे निवासी हेडसपुर थाना पामगढ़ के कब्जे से कुल 08 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी अजय साहू निवासी गिदधा थाना नवागढ़ के कब्जे से 08 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी कीमती 80 हजार रुपए, जुमला शराब कीमती 5220/रू को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, उपनिरी. मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

# नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी एवं पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीलाल चंद्रवंशी, नगर पालिका के चुनाव प्रभारी धरसीवा के पूर्व विधायक देवी भाई पटेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में हुई। बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मोतीलाल चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि देश एवं प्रदेश में हमारी सरकार आप सब कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही बनी है और अब आप सबके लिए बड़ा अवसर आया है कि आप सब मिल जुल कर संगठित होकर शहर में अपनी सरकार बनावे उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व राज्य की सरकारों की योजनाओं को धरातल स्थल पर पहुंचने के लिए अब आप सब कार्यकर्ताओं की जवाबदारी बनती है कि अपन शहर में भी अपनी सरकार बने ताकि हम केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुचा सके बड़ी तादात आप सबकी उपस्थिती देखकर लगता है कि एक वार्ड से तीन चार दावेदार हो सकते हैं लेकिन पार्टी को किसी एक को ही अपना प्रत्याशी बनाना है और आप सब की जवाबदारी बनती है कि पार्टी जिसे भी अपना कमल का निशान देती है उसे जी जान लगाकर चुनाव जितवा कर भेजें। भाटापारा नगर पालिका चुनाव के प्रभारी धरसीवा के पूर्व विधायक देवजी पटेल ने कहा कि चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है और हमारे पास समय भी कम है आप सब कामों को छोड़कर नगर में अपनी सरकार बनाने का अवसर न खोवे विधानसभा चुनाव में हुई गलतियां को सुधार कर आगे आगामी चुनाव में उसे कमल छाप छाप को जीतने के लिए कड़ी मेहनत करें। प्रत्याशी जो भी हो हमारा एक ही निशान होगा वह है कमल का निशान हमें अपना पूरा ध्यान कमल के निशान पर ही केंद्रित करना है और उसे ही जीता कर भेजना है। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि जैसे ही पार्टी अपने प्रत्याशियों का नाम घोषित करेगी। हम सब मिल जुल कर एक साथ जुलस के रूप में नामांकन भरने जाएंगे और वार्ड के प्रत्याशियों को यह ध्यान देना होगा कि दीवाल पेंटिंग के साथ साथअपना एवं अपने पार्टी द्वारा घोषित अध्यक्ष प्रत्याशी का भी दिवालो में लिखवावे अपने साथ-साथ अध्यक्ष के लिए भी वोट मांगे। जो भी टिकट के दावेदार हैं वह सब एक साथ मिलकर पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करें एवं मतदाता सूची का अध्ययन करें इस दौरान पार्टी के नेता आनंद अग्रवाल अधिवक्ता सुरेश यदु राकेश तिवारी मनेदर सिंह महाबल बघेल डॉ मोहन बांधे दिलिप छाबणिया, आशीष जायसवाल सुनील यदू योगेश अनंत, गोपाल देवागन, ब्यास यदु पुरुषोत्तम यदु राजा कामनानी सुखदेव यदू नंदू अग्रवाल सुरेश मिश्रा धनेश माधवानी, रवि पांडे, उमाशंकर वर्मा, नीरा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन, गणित, विज्ञान और प्रकृति का अनुभव



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

पीएमश्री केंद्रीय के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के कक्षा छठवीं एवम सातवीं के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एस आर कुजूर ने विद्यालय के बच्चों को हरा झंडा दिखाकर तीन बसों में विद्यार्थियों को रवाना किया। विद्यालय के नौ शिक्षक ने भी इस शैक्षिक भ्रमण में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम से बाहर की दुनिया से परिचित कराना, उनकी समग्र विकास क्षमता को बढ़ाना और उन्हें एक समृद्ध अनुभव प्रदान करना था। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान, छात्रों को गणित और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित पार्क की यात्रा कराई गई। इससे छात्रों को अपने अध्ययन क्षेत्र के प्रति रुचि और उत्साह को बढ़ाने का अवसर मिला। विद्यालय के प्राचार्य रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। हमारे छात्रों को वास्तविक दुनिया से जोड़ा जाता है, जो उनके शिक्षा में न केवल प्रासंगिकता जोड़ता है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से उन्हें नई जानकारियाँ प्राप्त हुईं।

# कौड़ीमार धान उपार्जन केंद्र में उठाव की गति बेहद धीमी, समिति में लगा धान का अंबार

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



धान खरीदी अब अंतिम दिनों की ओर है। निर्धारित तिथि 31.01.2025 के बाद समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी बंद हो जाएगी। लेकिन इन दिनों कौड़ीमार धान उपार्जन केंद्र में धान के उठाव की गति बेहद धीमी होने के कारण समिति में धान के बोरे का अंबार लग चुका हैं। परिवहन नहीं होने के कारण समिति में धान के चट्टे आसमान छू रहे है। नए किसानों के धान को रखने के लिए जगह नहीं बची है। ऐसे में जहां किसान परेशान हो रहे हैं वहीं समिति प्रभारी भी चिंता में डूबे हैं। किसान और प्रभारी दोनो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के दिशा निर्देश अनुसार खरीदी किए गए धान के 72 घंटे के बाद धान उठाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए परंतु कुछ समिति में धान उठाव कि गति धीमी होने के कारण समितियों में धान भारी मात्रा में जाम पड़ा है। जिसके सुरक्षित रखने के इंतजाम से लेकर प्रभारी को धान के सुख्ती कि भी चिंता होना अनिवार्य है। धान खरीदी शुरू होने से पहले कलेक्टर ने धान उठाव को लेकर काफी बाते कही थी। कलेक्टर द्वारा खरीदी केन्द्रों से धान के अत्यधिक स्टाक लिमिट को खत्म करने और जल्द ही परिवहन का आश्वासन दिया था, लेकिन कलेक्टर के आदेश के बाद भी परिवहन नहीं कराया जा रहा है। हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। बदलते मौसम में कभी भी पानी गिरने कि संभावन बनी हुई है। बादल पानी के बदली के मौसम के कारण नुकसान होने की चिंता धान खरीदी प्रभारियों को सता रही है। प्रभारियों द्वारा कई बार उच्चाधिकारीयों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी धान परिवहन के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। धान खरीदी केंद्र कौड़ीमार के प्रभारी प्रफुल्ल सिंह ने बताया कि केंद्र में कुल 947 किसान पंजीकृत हैं। जिनसे 14.11.2014 से 24.01.2025 तक कुल 42 हजार 707 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इसमें से 20 हजार 280 क्विंटल धान राइस मिल को परिवहन किया जा चुका है। अभी 22 हजार 427 क्विंटल धान जाम पड़ा है। खरीदी प्रभारी का कहना है कि उच्चाधिकारियों को धान जाम होने के कारण होने वाली परेशानी की जानकारी दे दी गई है, लेकिन किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया है।

# आइटीबीपी कैंप शांति नगर नारायणपुर एवं जेलबाडी के जवानों के लिए प्रकृति परीक्षण कैंप आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com





संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के आदेशनुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ सत्येंद्र नाग के निर्देशन में आयुष विभाग नारायणपुर द्वारा आइटीबीपी जेलबाडी नारायणपुर के मेडिकल आफिसर डॉ पवन के सहयोग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों एवं वॉलिंटियर्स द्वारा आइटीबीपी कैंप शांति नगर नारायणपुर एवं जेलबाडी के जवानों के लिए प्रकृति परीक्षण कैंप आयोजित किया गया। डाक्टरों की टीम द्वारा सभी जवानों का आयुर्वेदिक विधा के अन्तर्गत प्रकृति परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य के देखभाल आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला सह समन्वयक डा. बीना खोबरागड़े ने प्रककृति परीक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति एप में आपके शरीर की प्रकृति फीड होने के बाद आपके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रकृति एप आपको ऋतुओं के अनुसार जीवन शैली से अवगत कराता रहेगा। अभी प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत फील्ड में तैनात सैनिक व अर्ध सैनिक बलों के जवानों का 31 जनवरी तक प्रकृति परीक्षण किया जाना है। डॉ पुष्पेंद्र भदोरिया ने कहा कि यह बहुत आवश्यक है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के नेचर की जानकारी होनी चाहिए, वात, पित्त एवं कफदोष में यदि कोई भी कुपित होता है तो उसी के दोष लक्षण के रूप में सामने आते हैं। प्रकृति परीक्षण शिविर में आयुष विभाग से डॉ बीना खोबरागड़े, डॉ पुष्पेंद्र भदौरिया, डॉ धनेश्वर साहू,फार्मासिस्ट देवेन्द्र साहू, अरुण वैष्णव, टिकेश्वर मांडवी एवं अन्य स्टाफ अर्चना नाग, टिपेश्वरी बेलसारिया द्वारा कार्य किया गया। आईटीबीपी के एएसआई/मेडिक अमित कुमार एवं एएसआई /मेडिक हरेंद्र द्वारा वॉलिंटियर्स के रूप में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने खराब लाइनिंग पैनल को उखाड़कर मानकों के अनुसार दोबारा निर्माण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने क्रांति जलाशय नहर लाइनिंग निर्माण कार्य में लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी, दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विकासखंड पंडरिया में क्रांति जलाशय के अंतर्गत मैनपुरा से डोमसरा तक लगभग 2 करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन 14 किलोमीटर लंबी नहर लाइनिंग, पुलिया, और स्ट्रक्चर निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नहर लाइनिंग के घटिया निर्माण कार्य पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने खराब निर्माण कार्यप्रणाली को लेकर सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने खराब लाइनिंग पैनल को उखाड़कर मानकों के अनुसार दोबारा निर्माण सुनिश्चित करने और खराब पुलिया को तुरंत तोड़कर नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने ठेकेदार को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कार्य में लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण सामग्री जैसे रेत, गिट्टी और अन्य मैटेरियल की सैंपलिंग कर उसकी गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कलेक्टर वर्मा ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के किसानों से भी चर्चा की और उनसे निर्माण कार्य के संबंध में फीडबैक लिया। किसानों ने निर्माण कार्य की खामियों की ओर ध्यान दिलाया, जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए सख्त निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग मनोज पराते, तहसीलदार सुनील सोनपिपरे, जनपद सीईओ तरुण बघेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह परियोजना क्षेत्र के किसानों की जीवनरेखा है और इसके निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खराब निर्माण सामग्री और तकनीकी खामियों को तत्काल ठीक किया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि इसमें कोताही बरती गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सैंपल की जांच और सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण जरूरी है ताकि किसानों को एक बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की कड़ी निगरानी करें और तय समय सीमा में इसे पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में लापरवाही पाई गई, तो ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। यह परियोजना किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे सिंचाई सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा। कलेक्टर ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष लवन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कुल्लू उर्फ राधेश्याम रात्रे ने दाखिल किये नामांकन



**लवन।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि घोषित होते ही आदर्श आचरण संहिता भी पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावशील हो चुकी है।जिला बलौदाबाजार के नगर पंचायत लवन में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व पार्षद कुल्लू उर्फ राधेश्याम रात्रे ने नामांकन दाखिल कर आवेदन एस डी एम अमित गुप्ता को तहसीलदार किशोर वर्मा, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रणव प्रवेश प्रधान के उपस्थित में सौंपा। जीत को लेकर कुल्लू रात्रे पूरी तरह आश्वस्त है।

# विद्यार्थियों ने जागव बोटर (जाबो) के तहत रंगोली, पोस्टर ड्राइंग और मॉडल प्रदर्शित की, आतिथियों ने किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन लक्ष्मण प्रसाद बैध गर्ल्स कॉलेज में "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्रीय के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर युवा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा ने की ।कार्यक्रम में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत् टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अंकिता गर्ग, एसडीएम दिव्या पोटाई, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोहित, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि सामी सहित महाविद्यालय की प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। मुख्य अतिथि




बृजेन्द्र कुमार शास्त्रीय ने मतदाताओं खासकर नए मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाने के साथ सभी चुनावों में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आपका एक मत बड़ा बदलाव ला सकता है। बिना भय और लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।" मुख्य अतिथि शास्त्री ने शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई और समाज को बेहतर बनाने के लिए जिम्मेदारी से मतदान करने की अपील की। साथ ही, जिन्होंने अभी तक अपना मतदाता पहचान पत्र नहीं बनवाया है, उनसे जल्द से जल्द इसे बनवाने का अनुरोध किया। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार के महत्व पर जोर दिया। कहा कि "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" केवल एक औपचारिक दिन नहीं है, बल्कि यह दिन हमें हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट अमूल्य है, और इसे सही समय पर, सही तरीके से उपयोग करना हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है कि हम कैसे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। न्यायाधीश ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा ही देश का भविष्य हैं, और नए मतदाताओं की भूमिका इसमें सबसे अहम है। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति मतदान नहीं करता, वह अपने अधिकार का सही इस्तेमाल नहीं कर रहा। लोकतंत्र में हर एक वोट की शक्ति होती है, और इसका सही प्रयोग करना हमारा कर्तव्य है।" उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई और समाज को बेहतर बनाने के लिए जिम्मेदारी से मतदान करने की अपील की। साथ ही, जिन्होंने अभी तक अपना मतदाता पहचान पत्र नहीं बनवाया है, उनसे जल्द से जल्द इसे बनवाने का अनुरोध किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मतदाताओं और नए मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु उद्बोधन दिया उन्होंने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मतदान एक नागरिक का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्राधिकृत अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

## जनपद सदस्यों के नाम निर्देशन तहसील में लिये जायेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नाम निर्देशन प्राप्त करने वाले प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक तहसील सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी रा गंगाधर वाहिले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। भानुप्रतापपुर मे 52 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं 703 वार्ड पंचों के नाम निर्देषन के लिए कुल 8 सेक्टर बनाये गये है। ग्राम पंचायत भवन संबलपुर में संबलपुर, चवेला, करमोती, कराठी, बोगर, विनायकपुर, बांसला, ग्राम पंचायत भवन कन्हारगांव में कन्हारगांव, नारायणपुर, मुल्ला, चैगेल, ग्राम पंचायत भवन केंवटी में केंवटी, परवी, पेंवारी,घोठा, आसुलखार, फरसकोट, ग्राम पंचायत भवन भीरागांव में भीरागांव, घोटिया, सोनेकन्हार, जातावाड़ा, ग्राम पंचायत भवन कोरर में कोरर, बैंजनपुरी, भैसाकन्हार'डू:, डुमरकोट, सेलेगांव हरनपुरी, कनेचूर, कुर्री, चिल्हाटी, डोंगरगांव, ग्राम पंचायत भवन हाटकर्रा में हाटकर्रा, धनेली, तरांदूल, बांसकुण्ड, तुएगुहान, बारवी, हेटारकसा, ग्राम पंचायत भवन भानबेड़ा में भानबेड़ा, मुंगवाल, भेजा, भोड़िया, कुड़ाल, डोंगरकट्टा, चिचगांव, कुल्हाड़कट्टा, ग्राम पंचायत भवन कच्चे में कच्चे, साल्हे, ईरागांव, टेढ़ाईकोंदल, भैसाकन्हार 'क', दाबकट्टा। 27 जनवरी से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेगे। नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे तक होगी। नाम निर्देषन पत्रों की संवीक्षा 4 फरवरी को नामांकन वापस लेने की तिथि 6 फरवरी होगी। 6 फरवरी को ही अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन कर दिया जावेगा। मतदान 20 फरवरी को प्रातः 6.45 से अपरान्ह 2 बजे तक होगा। मतगणना मतदान उपरांत तत्काल बाद मतदान केंद्रों में होगी। ऐसे मतदान केद्रं जहां गणना न हो उन पंचायतों का खण्ड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में 21 फ्ऱवरी को प्रातः 9 बजे से होगा। सारणीकरण 22 फरवरी को होगा इसी दिन निर्वाचन प्रमाण पत्र भी वितरित किये जावेगा। मतदाता दिवस के अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्णा पाटले, मास्टर ट्रेनर टिकेष ठाकुर, सीईओ अषोक ठाकुर, बीईओ सदे सिंह कोमरे, निर्वाचन प्रभारी अषोक ठाकुर, नुमेष सोनी, मनोज चैहान, प्रदीप सेन, के साथ साथ सभी प्राधिकृत अधिकारी एवं सहायक उपस्थित थे।

# टी.ज्योति पार्षद की सुमधुर आवाज में वन्देमातरम गीत दूरदर्शन टेलीविजन पर सभी देख सकेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

टी.ज्योति पार्षद की सुमधुर आवाज में वन्देमातरम गीत 26 जनवरी 2025 को संध्या 7 बजे को दूरदर्शन टेलीविजन पर सभी देख सकेंगे। यह दल्लीराजहरा के लिए अत्यंत गर्व की बात है टी.ज्योति का यह वन्दे मातरम गीत अब छत्तीसगढ़ के साथ साथ पूरा भारत देखेगा। छत्तीसगढ़ रत्न सम्मानित टी.ज्योति (ज्योति सोनी) ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर इंस्टीट्यूट निखार द्वारा गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार, रेलवे गुंजन गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार, एडोर्न मूवमेंट इंडिया द्वारा गायन प्रतियोगिता विजेता, राजहरा गॉट टैलेंट गायन प्रतियोगिता में प्रथम, शाला में सर्वश्रेष्ठ कलाकार द्वारा सम्मानित,




रेलवे गंग तरंग प्रतियोगिता में प्रथम, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन ताल मृदंग लोक संगीत प्रतियोगिता 2025 में प्रथम पुरुस्कार से विजेता हुई । टी.ज्योति पार्षद छत्तीसगढ़ की लोकगायिका के साथ साथ अब पूरे भारत में पहचान बनाने जा रही है व दूरदर्शन कलाकार बन चुकी है। टी.ज्योति द्वारा कहा गया कि ये सौभाग्य है कि मुझे लोक संगीत क्षेत्र में मोहन सुंदरानी हमेशा मार्गदर्शन प्रदान करते है चुनावी माहौल के कारण स्टूडियो रिकॉर्डिंग स्थगित किया गया।आगामी चुनाव के बाद 6 छत्तीसगढ़ी लोक गीत रिकॉर्डिंग किया जाएगा। जिससे सभी प्रदेश वासी मेरा यह गीत देख व सुन पाएंगे , दूरदर्शन टेलीविजन में मौका देने के लिए रेलवे कार्यालय अधीक्षक प्रीति राजवैद्य व दूरदर्शन अधीक्षक मोहम्मद युसुफ का हृदय पूर्वक धन्यवाद देती हूं। वंदे मातरम गीत में संगतकार के लिए अतनु मुखर्जी, रोशन शिंदे, ढोलक ज्ञानेश्वर, आर्गन राजकुमार यशुदास, ऑक्टोपैड मिलीत मंडल में प्रमुख रूप से योगदान रहा।

# मल्टी पोस्ट एवं मल्टी वोट ईवीएम के बारे में मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन वर्ष 2025 ईव्हीएम के माध्यम से कराया जाना है। यह ईव्हीएम मल्टी पोस्ट एवं मल्टी वोट, बहुपद एवं बहु मत श्रेणी की ईव्हीएम है। इस संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत फरसगांव के रिटर्निंग ऑफिसर अश्विन कुमार पुसाम के निर्देश पर नगर पंचायत फरसगांव के सभी 15 वार्डों के लिए मतदाता जागरूकता अभियान 'जागव बोटर' की शुरुआत की गई है। इसके तहत ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया के बारे



में मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है और अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर निधि नेताम और सीएमओ पवन कुमार मेरिया के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति में निरंतर वार्डों में आयोजित की जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तहसील कार्यालय एवं नगर पंचायत कार्यालय में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

# दुष्कर्म के आरोपी को पटना पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com



जिला कोरिया (छत्तीसगढ़) के थाना पटना क्षेत्र में 20.01.2025 को एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। पीड़िता दोपहर लगभग 02:00 से 02:30 बजे के बीच घर से बाहर टॉयलेट के लिए गई थी। रास्ते में वह आरोपी बलभद्र सिंह के घर के पास रुकी, जहां बलभद्र सिंह और मनमोहन सिंह दरवाजे पर बैठे हुए थे। बलभद्र ने पीड़िता को आवाज देकर बुलाया और जब वह पास आई तो दोनों आरोपियों ने उसे पकड़कर जबरदस्ती घर के अंदर खींच लिया। दरवाजा बंद कर आरोपियों ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। घटना के दौरान बालिका के रिश्तेदार उसे खोजते हुए आरोपी बलभद्र सिंह के घर पहुंचे। घर का दरवाजा बंद था और बाहर बालिका की चप्पल व साल पड़े हुए थे। चिल्लाने की आवाज सुनकर उन्होंने दरवाजा धक्का देकर खोला और पीड़िता को बाहर निकाला। घटना के संबंध में पीड़िता ने अपनी आपबीती बताई, जिसके आधार पर थाना पटना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

## जिले के जनप्रतिनिधियों को आबंटित किए गए सभी वाहनों को तत्काल वापस लेने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 20 जनवरी से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 हेतु आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत जिले के जनप्रतिनिधियों को आबंटित किए गए सभी वाहनों को तत्काल वापस लेने के निर्देश जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा 20 जनवरी को की गई है। इस तिथि से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा तिथि से परिणाम घोषित होने की तिथि तक राज्य शासन के उपक्रम, स्वायत्तशासी संस्थाओं, नगर पालिकाओं के ऐसे निकाय जिनमें सरकारी धन का कितना भी छोटा अंश निवेश किया गया हो इन वाहनों के उपयोग के किसी भी प्रकार की अनुमति विधानसमा सदस्यों, संसद सदस्यों, रजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों अधवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी भी व्यक्ति को नहीं दिये जाने का आदेश दिए गए हैं।

# सेल स्थापना दिवस के अवसर पर सेल रन का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्ली राजहरा खदान समूह द्वारा के कर्मीक विभाग द्वारा 24 जनवरी को सेल स्थापना दिवस के अवसर पर सेल रन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्यअतिथि मुख्य महाप्रबंधक राजहरा खदान समूह आर बी गहरवार थे द्य उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 1954 से लेकर 2025 तक का लंबा सफ्र हम सभी के लिए गौरवपूर्ण और संघर्षपूर्ण, लेकिन सफल रहा है। जैसे हम स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस का इंतजार करते हैं वैसे ही सेल से जुड़े अधिकारी कर्मचारी एवं सभी वर्ग के लिए आज गौरवपूर्ण दिन है द्य इसी दिन स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड कंपनी बनाई गई यह कंपनी आप लोगों के सहयोग और भागीदारी से आगे बढ़ती जा रही है। एक मिलियन टन स्टील प्लांट से डेढ़ मिलियन टन स्टील प्लांट बन गया है द्य बहुत छोटे स्तर से शुरुआत करके



हम लगभग 22 मिलियन टन हाट मेंटल के लक्ष्य को प्राप्त करते जा रहे है। इसी ऊर्जा का प्रदर्शन दौड़ है द्यजिसमें आप लोगों ने हिस्सा लिया द्य सभी को बहुत-बहुत बधाई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं लेबर आफिसर रितेश मिश्रा ने कहा कि हम लोग ऐसे संस्थान से जुड़े हैं जो आज इस्पात उद्योग में प्रतिस्पर्धा में काफी आगे है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात बनाने वाले देश का पहला सर्वोच्च हमारा संस्थान है । भिलाई देश की शान है और राजहरा भिलाई की जान है। राजहरा की लौह अयस्क देश को सर्वोच्च लौह उत्पादक संस्था बनाती है द्य भारती इस्पात प्राधिकरण का गठन 24 जनवरी 1973 को हुआ था द्य उस अवसर को ध्यान में रखकर प्रतिवर्ष स्थापना दिवस मनाया जाता है। जिसे सेल गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए गौरव का दिन है विशेष रूप से हम भिलाई स्टील प्लांट 1958 में एक मिलियन टन के उत्पादन से चालू हुआ था जो आज 60 मिलियन टन के उत्पादन पर खड़े हैं। निश्चित रूप से हमारे लिए यह गौरव का विषय है द्य उत्पादन के साथ-साथ हमारी गतिविधियां खेल और आसपास के विकास की भी रही है। सेल में खेलों के विकास के लिए भी लगातार क्रियाकलाप होते रहते हैं।

### प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए 10 सेक्टर बनाए गए

# जनपद पंचायत बेमेतरा में नाम निर्देशन प्रक्रिया का विस्तार पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत के वार्ड पंच और सरपंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र लेने के लिए जनपद पंचायत बेमेतरा में व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए 10 सेक्टर बनाए गए हैं, जिसके लिए 10 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (ए.ए.आर.ओ) की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक ए.ए.आर.ओ के सहयोग के लिए एक मास्टर ट्रेनर सहित तीन-तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जनपद पंचायत बेमेतरा की रिटर्निंग ऑफिसर, दिव्या पोटाई के मार्गदर्शन में सभी ए.ए.आर.ओ और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की हिदायत दी गई। नाम निर्देशन पत्र लेने से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत पत्रों की बारीकी से जांच करने पर जोर दिया गया ताकि किसी भी त्रुटि को तुरंत सुधारा जा सके।



**नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया-वार्ड पंच पद :** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 4 क में भरना होगा, और इसके लिए 50 रुपए जमा करना होगा। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 25 रुपए निर्धारित किया गया है।

**सरपंच पद :** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रारूप 4 ख में नाम निर्देशन पत्र भरना होगा, जिसके लिए 1000 रुपए जमा करने होंगे। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 500 रुपए होगा। साथ ही, सरपंच पद के अभ्यर्थियों को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वार्ड पंच पद के लिए ग्राम पंचायत के किसी भी वार्ड का अभ्यर्थी प्रत्याशी हो सकता है, लेकिन प्रस्तावक का संबंधित वार्ड से होना अनिवार्य होगा।

**नाम निर्देशन पत्र जमा करने के केंद्र**-नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु ग्राम पंचायत छिरहा, उमरिया, खंडसरा, झाल, बालसमुद, चंदनू, बावामोहतरा, जेवरा, बीपीआरसी भवन, और जनपद पंचायत बेमेतरा के सभा कक्ष को केंद्र बनाया गया है। जनपद पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु कार्यालय जनपद पंचायत के कक्ष क्रमांक 1 को केंद्र निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी से 3 फ्ऱवरी 2025 तक, दोपहर 3 बजे तक। एवं संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत बेमेतरा के सभा कक्ष में।

**नाम वापसी :** 6 फरवरी 2025 को संबंधित सेक्टर में नाम वापसी की जा सकेगी, जिसके बाद प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण सत्र में जनपद पंचायत बेमेतरा के ए.आर.ओ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार और राजस्व निरीक्षक खुमान देशमुख भी उपस्थित थे।



# बच्चा रहे हमेशा कॉन्फिडेंट इसके लिए उसे बोलना सिखाएं ये 5 स्ट्रॉन्ग लाइंस



कभी खुद को नहीं समझेगा किसी से कम
ऐसी कई पंक्तियां है जो अगर बच्चा रोजाना खुद से कहने लगेगा तो उसका आत्मविश्वास भी तेजी से बढ़ेगा. जानिए कौनसी है ये कॉन्फिडेंस बढ़ाने वाली बातें.
बहुत से बच्चे कम उम्र से ही कॉन्फिडेंट होते हैं. उन्हें किसी के सामने कुछ कहने या करके दिखाने में झिझक नहीं होती और ये बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में आगे रहते हैं. लेकिन, इस कॉन्फिडेंस की वजह क्या होती है? इस कॉन्फिडेंस की वजह होती है बच्चे का खुद पर विश्वास करना. यह विश्वास बच्चों में अपने अंतर्मन में कही बातों से भी आता है तो कई बार माता-पिता की बातें बच्चों को आत्मविश्वासी बनाती हैं. अपने बच्चों को कॉन्फिडेंट बनाने के लिए आप भी उन्हें ऐसी पॉजीटिव बातें बोलना सिखा सकते हैं जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ने लगे. खुद से ये स्ट्रॉन्ग लाइंस बोलकर ना सिर्फ बच्चों का कॉन्फिडेंस बढ़ेगा बल्कि किसी भी मुश्किल घड़ी से निकलने का हौसला भी उनमें आएगा.

फ्रमैं जैसा हूं वैसे ही प्यार के काबिल हूंफ्र
बच्चे का सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए उसे यह पंक्ति सिखाई जा सकती है. बच्चों को समझाएं कि वे जैसे हैं वैसे ही मूल्यवान हैं और प्यार के काबिल हैं. अपनी सेल्फ वर्थ समझने के लिए उन्हें किसी की वेलिडेशन या रजामंदी की जरूरत नहीं है.

फ्रमैं परेशानी का हल ढूंढ सकता हूंफ्र
किसी भी मुश्किल से निकलने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होता है खुद पर विश्वास करना. माता-पिता को अपने बच्चे को यह बोलना जरूर सिखाना चाहिए कि वह किसी भी परेशानी का हल ढूंढ सकता है. जब कोई मुश्किल आए तो बच्चे को खुद से यह जरूर कहना चाहिए कि मैं किसी भी परेशानी का हल ढूंढ सकता हूं, बच्चे का आत्मविश्वास ) बढ़ने लगेगा.

फ्रमैं बहादुर हूं और मुझे हार नही माननी हैफ्र
किसी परिस्थिति से पार पाने के लिए और हमेशा अपना बेस्ट देते रहने के लिए बच्चे को यह पंक्ति खुद से जरूर कहनी चाहिए. इससे बच्चे में कॉन्फिडेंस आता है. इससे बच्चा हार मानने के बजाय आगे बढ़ता जाता है.

फ्रमेरे विचार मैटर करते हैंफ्र
कई बार बच्चे किसी काम को इसलिए नही करते या फिर किसी के सामने अपनी बात रखने से झिझकते है क्योंकि उन्हे लगता है कि उनकी बात का कोई मूल्य नही है. लेकिन, बच्चे को यह समझाना और यह कहना सिखाना जरूरी है कि उसके विचार मैटर करते हैं. जब बच्चे खुद से यह कहने लगते हैं तो आत्मविश्वास के साथ अपनी बात को आगे रखना भी शुरू कर देते हैं.

फ्रमैं नई चीजें सीख सकता हूंफ्र
बच्चों को खुद से यह जरूर कहना चाहिए कि वह नई चीजे सीख सकते हैं. इससे बच्चे किसी काम को सीखने (स्द्धह्वद्धद्धद्ध) से घबराते नहीं हैं. बच्चों मे इस पंक्ति को कहने पर नई चीजे सीखने का कॉन्फिडेंस आता है.

## क्या होती है लाइटहाउस पैरेंटिंग, टीनेजर्स की परवरिश में आजमा सकते हैं यह यूनिक तरीका

आप टीनेजर बच्चों के माता-पिता हैं तो आपने पैरेंटिंग के अलग-अलग तरीकों के बारे में तो सुना ही होगा. लेकिन, क्या आप लाइटहाउस पैरेंटिंग के बारे में जानते हैं? यहां जानिए लाइटहाउस पैरेंटिंग क्या होती है और टीनेजर्स की परवरिश में कैसे काम आती है.
परवरिश के अलग-अलग तरीकों में से ही एक है लाइटहाउस पैरेंटिंग. असल मे लाइटहाउस पैरेंटिंग एक तरह की बैलेंस्ड पैरेंटिंग अप्रोच है जिसमें बच्चों को प्यार, सपोर्ट और गाइडेंस दी जाती है लेकिन साथ-साथ बाउंडरीज मेंटेन करना भी जरूरी होता है. इस पैरेंटिंग स्टाइल में माता-पिता बच्चे को एक सुरक्षित वातावरण देते हैं जिसमें बच्चे खुद को बेहतर तरह से एक्सप्रेस कर सकते हैं. इसमें बच्चे माता-पिता से अपने मन की बातें बिना डरे कह पाते हैं. यहां जानिए क्या होती है लाइटहाउस पैरेंटिंग और इसे कैसे आजमाया जा सकता है.

बनाएं क्लियर नियम
लाइटहाउस पैरेंटिंग में आपको क्लियर रूल्स बनाने होते हैं. आपको नियम बनाकर यह सुनिश्चित करना होता है कि बच्चे इन्हें गंभीरता से फॉलो करें. वहीं, स्पष्ट होना भी जरूरी है, जैसे अगर आप चाहते हैं कि बच्चा अपना फोन इस्तेमाल ना करे तो सीधेतौर पर उसे कहें कि फोन इस्तेमाल ना करें. तानों के जरिए बात कहने की कोशिश ना करें.

कमजोरियों पर ना करें निंदा
अगर बच्चे की कोई कमजोरी है तो उसकी सीधेतौर पर निंदा ना करें बल्कि समझें और उसे भी समझाएं कि कमजोरियों से सीखने की जरूरत होती है. चाहे गलती हो या फिर कोई कमी, इसे पूरा करने पर ध्यान दें ना कि बच्चे की निंदा करके उसका मनोबल कमजोर करें.

कोशिश के दें पूरे नंबर
किशोरावस्था ऐसी उम्र है जिसमे बच्चे अलग-अलग कामों को सीखने की कोशिश करते रहते हैं और अक्सर एक्सपेरिमेंट्स करते हैं. ऐसे में अगर बच्चे किसी काम में बुरे भी निकलते है और कभी-कभी उन्हें हार का मुंह भी देखना पड़ता है. ऐसे में बच्चे को उसकी कोशिश और एफर्ट्स के पूरे नंबर दें. रिजल्ट क्या निकला या क्या नहीं इससे ज्यादा जरूरी है बच्चे का हौसला बढ़ाना.

बहुत ज्यादा कठोरना ना अपनाना
इस पैरेंटिंग स्टाइल में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि माता-पिता बच्चे के साथ बहुत ज्यादा कठोरता नहीं बरत रहे हैं. इस उम्र में बच्चे से बहुत ज्यादा कठोर व्यवहार किया जाए तो बच्चों में एक तरह का डर गहराने लगता है जिससे वे अपनी परेशानियां तक पैरेंट्स से कहने से डरने लगते हैं.





# हमेशा डांट-डपटकर बच्चे को ना बनाएं दब्बू

## इन तरीकों से बढ़ाएं बच्चे का कॉन्फिडेंस

**अगर आपको भी अपने बच्चे में कॉन्फिडेंस की कमी नजर आती है तो यहां जानिए किस तरह उसमें आत्मविश्वास लाया जा सकता है. इस तरह बच्चे जीवन में कभी भी और किसी से भी पीछे नहीं रहते हैं.**

माता-पिता चाहते है कि बच्चे जीवन मे हमेशा आगे बढ़ते रहे, कक्षा मे सबसे अच्छा प्रदर्शन दिखाएं, दोस्तों के बीच पॉपुलर रहें और कभी उन्हें किसी से कमतर महसूस ना हो. ऐसे में पैरेंट्स बच्चों को अक्सर अनुशासित करने के लिए डांट-डपट भी देते हैं. लेकिन, इस सख्ती से होता यह है कि बच्चे का कॉन्फिडेंस कम होने लगता है और वह झेंपने लगता है. ऐसे में बच्चे की परवरिश मे यह गलती आप बिल्कुल भी ना करें बल्कि उसे वो काम सिखाएं या इस तरह उससे बर्ताव करें जिससे वह आत्मविश्वासी बने और किसी मुश्किल से कभी घबराए नहीं.

किसी काम को करने का सिखाएं सही तरीका
अक्सर ही बच्चों मे कॉन्फिडेंस की कमी इसलिए देखी जाती है क्योंकि उन्हें कोई काम सही तरह करने मे दिक्कत होती है या फिर वे इस काम को सही तरह से करना नहीं जानते जिसकी वजह से उनकी खिल्ली उड़ाई जाती है. ऐसे में आप बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उसे इन कामों को सही तरह से करना सिखा सकते हैं. इससे अपने यार-दोस्तों के सामने भी बच्चे का कॉन्फिडेंस बना रहता है.

बच्चे के विचारों को दबाएं नहीं - पैरेंट्स एक आम गलती यह कर देते हैं कि जब बच्चा अपने विचार उनके सामने रखता है तो वे उसकी बातों पर ध्यान नहीं देते. कई बार तो यह भी होता है कि बच्चा अगर थोड़ा भी खुलकर व्यवहार करता है तो पैरेंट्स उसे यह कहकर चुप करवा देते हैं कि इतराओ मत. ऐसे में बच्चे अपने आपको एक्सप्रेस करने से कतराने लगते हैं.

करें बच्चे की सराहना - बच्चा किसी चीज में बुरा होगा तो ऐसे भी बहुत से काम होंगे जिसमे वह सबसे अच्छा होगा या फिर जिन कामों को वह अच्छी तरह कर सकता है. इसीलिए बच्चे की सराहना करना जरूरी है. बच्चे को इससे कॉन्फिडेंस मिलता है और वह खुद को बेहतर करने की तरफ अग्रसर होता है.

घर पर ही करवाएं कॉन्फिडेंस बढ़ाने वाली एक्टिविटीज - आप बच्चे को घर में ही अपने मन की बात कहने के लिए, सबके सामने कुछ गाकर सुनाने या डांस करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं. बच्चे को जो कुछ अच्छा लगता है वह सभी के सामने करके दिखाने मे कंफर्टेबल है या नही उससे पूछे. धीरे-धीरे बच्चे अगर घर के सदस्यों के सामने बोलना या अपनी खूबियां दिखाना शुरू करते हैं तो बाहरी लोगों के सामने भी उन्हें कॉन्फिडेंट महसूस होने लगता है.



# बच्चे को होता है सेल्फ डाउट और खुद को समझता है सबसे कमतर

## तो पैरेंट्स इन 4 तरीकों से बढ़ाएं उसका कॉन्फिडेंस

**आपका बच्चा अगर खुद पर विश्वास नहीं करता है और सेल्फ डाउट से घिरा रहता है तो यहां जानिए किस तरह उसका आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है.**

माता-पिता को अक्सर लगता है कि बच्चों को जीवन में किसी तरह की परेशानी नहीं होती या फिर बच्चों पर कोई जिम्मेदारी नहीं होती इसीलिए उन्हें हर स्थिति में खुश रहना चाहिए. लेकिन, ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनसे बच्चे अकेले गुजरते रहते है. बच्चे खुद की तुलना दूसरे बच्चों से करने लगते है, हर किसी की डांट सुनकर खुद को सबसे कम समझने लगते हैं, उनपर अच्छी परफोर्मेंस का प्रेशर होता है तो साथ ही उनकी भावनाएं कई बार माता-पिता या दोस्त कोई नही समझ पाता जिससे बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं. इसके अलावा, अक्सर ही बच्चे सेल्फ डाउट में पड़ जाते हैं और अपना आत्मविश्वास खो देते हैं. ऐसे में माता-पिता बच्चे को समझते हुए उसे इस दुविधा से निकालने की कोशिश कर सकते है. अगर आपको लगता है कि आपका बच्चा सेल्फ डाउट मे रहता है, कॉन्फिडेंट फील नहीं करता और खुद को दूसरे बच्चों से कम समझता है तो यहां जानिए किस तरह बच्चे के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद की जा सकती है.

नकारात्मक बातों को दूर करना सिखाएं
बच्चे कई बार नकारात्मक और सकारात्मक बातों में अंतर करना नहीं जानते और इसीलिए कुछ बुरा भी हो तो उसे अपने अंदर दबाए रखते है. यही नकारात्मक बाते बच्चों को अंदर ही अंदर खाने लगती है. ऐसे मे बच्चों को सिखाएं कि किस तरह नकारात्मक बातों को पहचानकर उनसे दूरी बनाई जा सकती है. नकारात्मक भावनाओं को दूर करके ही सेल्फ डाउट से छुटकारा पाया जा सकता है.

स्ट्रेंथ पर फोकस करना
बच्चे को उसकी स्ट्रेंथ पर फोकस करना सिखाएं. जिन कामों मे बच्चा अच्छा है उन कामों में खुद को वह और कैसे बेहतर बनाए और किस तरह अपनी सफलताओं से कॉन्फिडेंट महसूस करे यह उसे बताएं. इससे आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही बच्चों में सकारात्मक विचारों का संचार होता है.

हार लेकर ना बैठना
बच्चा अगर अपनी गलतियों या हार के बोझ तले बैठा रहेगा तो यकीनन इससे उसका आत्मविश्वास कम होगा. ऐसे में बच्चे को सिखाएं कि जीवन मे जीत और हार लगे रहते हैं, लेकिन हार को लेकर बैठना और खुद को हारा हुआ महसूस करना सही नही है. हार से सीखना और आगे बढ़ते रहना जरूरी होता है.

आत्मनिर्भर होना
अगर बच्चे को लगता है कि वह कोई भी काम खुद से नहीं कर सकता या फिर उसे हर काम को करने के लिए किसी की जरूरत है, तो यह उसकी लो सेल्फ एस्टीम को दर्शाता है. ऐसे में पैरेंट्स के लिए जरूरी है कि वे कम उम्र से ही बच्चे को आत्मनिर्भर होना सिखाएं. कम से कम छोटे-मोटे काम और जिम्मेदारियां बच्चा खुद उठाने लगे जिससे उसके सेल्फ कॉन्फिडेंस में वृद्धि हो.

# इन 5 वजहों से माता-पिता की बात नहीं सुनते हैं बच्चे, समय रहते ध्यान देना है जरूरी

अक्सर ही बच्चे माता-पिता की बात को सुनकर भी अनसुना कर देते हैं. ऐसे में पैरेंट्स को यह समझना जरूरी है कि बच्चे के इस तरह बर्ताव करने की क्या वजह हो सकती है.

बच्चों की परवरिश करना कोई आसान काम नही होता है. पैरेंट्स बच्चों के बड़े होने तक खुद भी जीवन से जुड़ी अनेक नई बातें सीखते हैं और लगातार सीखते जाते हैं. लेकिन, इस पूरे सफर में पैरेंट्स ऐसी गलतियां भी करते हैं जिनसे बच्चे की परवरिश पर असर पड़ता है. कई बार माता-पिता को यह देखकर हैरानी होती है कि बच्चे उनकी बात नहीं सुन रहे हैं या बात को सुनकर नजरअंदाज कर देते हैं. ऐसे में कई बार पैरेंट्स को यह समझने में दिक्कत होती है कि बच्चों के इस बर्ताव की क्या वजह है. अगर आप भी बच्चों के इसी व्यवहार से परेशान हैं तो यहां जानिए किन वजहों से बच्चे माता-पिता की बात को अनसुना करने लगते हैं.

जरूरत से ज्यादा सख्ती

अगर माता-पिता बच्चे पर जरूरत से ज्यादा सख्ती करने लगते है तो बच्चे उनकी बात सुनना बंद कर देते हैं. बच्चों को लगने लगता है कि पैरेंट्स की सख्ती से बचने का तरीका है उनकी बात ना मानना और आखिर में किसी भी बात को सुनने से इंकार कर देना. ऐसा बच्चे ज्यादातर पैरेंट्स से बदला लेने के लिए करते हैं.

हमेशा चिल्लाकर बात करना

पैरेंट्स अगर बच्चे पर हर समय ही चिल्लाते रहते है और उससे किसी भी काम को करने के लिए चिल्लाकर ही बात करते है तो इससे बच्चा घबरा जाता है. बच्चे को लगता है कि चुप रहकर और बातों को अनसुना करके ही खुद को प्रोटेक्ट कर सकते हैं.

बहुत ज्यादा नियम

बच्चों पर अलग-अलग और ढेर सारे नियम थोप दिए जाने पर भी उन्हे अच्छा नही लगता है. बच्चे इन नियमों से तंग आकर पैरेंट्स की एक भी बात सुनना पसंद नहीं करते हैं और सोचते है कि इन नियमों के जवाब में अब वे हर काम को और हर बात को अनसुना कर देंगे.

अटेंशन के लिए भी करते हैं

कई बार बच्चे माता-पिता की बात इसलिए नहीं सुनते क्योंकि उन्हें अटेंशन चाहिए होता है. माता-पिता बच्चे पर ध्यान दें और उसके इस व्यवहार के लिए उससे आकर सवाल-जवाब करें इसीलिए बच्चे पैरेंट्स की बात नहीं सुनते, उन्हें इग्नोर करते हैं और उनसे उखड़ा-उखड़ा रवैया अपनाने लगते हैं.

# ब्रह्मचारी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज की प्रयागराज महाकुम्भ में हुई दण्ड सन्यास की दीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख ब्रह्मचारी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज की प्रयागराज महाकुम्भ में दण्ड सन्यास दीक्षा हुई है। पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज से दण्ड सन्यास दीक्षा लेने के उपरांत दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज हुए। पूज्य ब्रह्मचारी का जन्म ग्राम सूखा जबलपुर में हुआ, वैदिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए आप बनारस चले गए और बाद अध्यापनकार्य कर पूज्यपाद श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी







स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के द्वारा ब्रह्मचारी की दीक्षा मिली। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के द्वारा ब्रह्म चारी की प्रतिभा को ध्यान में रखकर वैदिक ज्ञान और सनातन धर्म प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ प्रांत का दायित्व सौंप कर श्री शंकराचार्य आश्रम रायपुर का प्रभारी बनाकर भेजा गया। डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सनातन प्रेमियों एवं वैदिक प्रचार एवं ज्ञान का कार्य भली भांति चलता रहा। विभिन्न संस्थाओं को इन्दुभवानन्द महाराज के प्रतिभा व मार्गदर्शन का लाभ मिलता रहा। राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के सनातन धर्मियों का भाग्य है कि डॉ.इन्दुभवानन्द महाराज जैसे योग्य और मृदुभाषी को दंडी संन्यासी के रूप में पाएंगे और उनके अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारतवर्ष को प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ राज्य और राजधानी रायपुर के गौरव एवं पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठ के दण्डी सन्यासी के स्वागत के लिए राजधानी सहित छत्तीसगढ़वासी आतुर हैं।

## विप्र कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने समस्त विद्यार्थियों को निष्पक्षता के साथ अनिवार्य मतदान का शपथ दिलाते हुए कहा कि 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाते हैं। उसके पूर्व 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें याद दिलाता है, गणतंत्र की सफलता तभी संभव है, जब देश का प्रत्येक नागरिक निष्पक्ष होकर ईमानदारी से मतदान करें, इसे वह अपना पहला कर्तव्य मानें। एक वोट का महत्व समझे, एक वोट से सरकार गिर जाती है और एक वोट से सरकार बन जाती है। इस अवसर पर डॉ. कैलाश शर्मा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व बताते हुए मतदान जागरूकता के लिए शासन द्वारा चलाए गए अभियानों की जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिव्या शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने निष्पक्ष होकर अपने मतदान का उपयोग करने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का हुआ आयोजन

### मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप गिरीश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संभागायुक्त दुग्गा ने दीप प्रज्जवलन कर की। संभागायुक्त दुग्गा ने कहा कि भारत देश अपने लोकतंत्र के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हमें जो मतदान का अधिकार मिला है, उसपर गर्व होना चाहिए। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। कलेक्टर विलास भोसकर ने कहा कि पिछले चुनावों में सरगुजा जिले में वोटिंग प्रतिशत में वृद्धि हुई है। यह आप सबके सहयोग से सम्भव हो पाया है। उन्होंने इस हेतु सभी को शुभकामनाएं दीं तथा आगामी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागिता निभाने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में निर्वाचनों में उत्कृष्ट कार्य करने पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुंड्रा से बीएलओ सुनीता यादव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर से प्रतिभा गोलदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर से हेमतारा को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभाने पर सरस्वती महाविद्यालय अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक रानी रजक एवं संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक पूजा दुबे को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 46 कैम्पस एंबेसडर एवं 25 नोडल प्राध्यापक सम्मानित हुए। वहीं नवीन मतदाताओं को एपिक कार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान संभागायुक्त दुग्गा ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

### स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने दिलाई गई शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ गौरेला/पेंड्रा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कलेक्टर लीना कमलेश मण्डावी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विगत लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्वीप के प्रभारी नोडल उत्तम कुमार चन्द्राकर को तथा जिला स्तरीय बीएलओ पुरस्कार के लिए प्राथमिक शाला निमधा के प्रधान पाठक प्रदीप जायसवाल को प्रशस्ति पत्र और इनाम राशि देकर सम्मानित किया। साथ ही निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाने पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड दिया गया और बैच लगाकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को दाहिना हाथ आगे बढ़वाकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन लोगों को जागृत करने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी लोग मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं और दूसरों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। नाम जुड़वाने का कार्य बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन भी आसानी से किया जा सकता है और नाम जुड़ने के बाद अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे ने कहा कि नए एवं पुराने सभी मतदाता वोट जरूर डालें और अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। समारोह में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा चन्द्राकर ने मतदाता जागरूकता स्लोगन ''लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार' को उद्बोधित करते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स अम्बुज मिश्रा, बीएलओ, नए मतदाता एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने की अपील प्रत्येक मतदाता अवश्य करें मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में हर मतदाता की अहम भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं और नए मतदाताओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छे जनप्रतिनिधि और सरकार चुनने का अधिकार बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे समझदारी और सतर्कता से निभाना चाहिए। कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में 80: मतदान और लोकसभा चुनाव में 81: मतदान हुआ था। उन्होंने इस प्रतिशत को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि हर मतदाता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान, निर्वाचन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखने और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे धर्म, जाति, समुदाय या किसी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर और कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

## कलेक्टर एवं सीईओ ने नवीन मतदाताओं को बैच लगाकर मतदाता पहचान पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो की उपस्थिति में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई और नवीन मतदाताओं को प्रतीकात्मक रूप से बैच लगाकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने इस मौके पर नये मतदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि देश के एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प लें। इसका अर्थ यह भी है कि युवा मतदाता अब महान लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंग के रूप में शामिल होकर अपना अधिकार एवं कर्तव्य का निर्वहन सही रूप में करें। वे न केवल स्वयं मतदान करें बल्कि विशेष पहल करते हुए अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित कर शतप्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा कि नये मतदाताओं का यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहला कदम होगा। उन्होंने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने के साथ ही लोकतंत्र में उन्हे सक्रिय रूप से भाग लेने की पात्रता हो जाती है। इसे गंभीरता से लेते हुए बेहतर समाज के निर्माण हेतु मतदान प्रक्रिया मे भाग ले। इसके साथ ही उन्होने नये मतदाताओ को जागरूक करने के अलावा हर स्तर के चुनाव में भागीदारी अदा करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में इसके साथ ही स्वीप कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नये मतदाता अनिता यादव, चिराग ताम्रकार, ज्योति कुमेटी, मोहम्मद फराज, स्वीटी मंडावी और प्रियंका यादव को को मतदाता परिचय पत्र (ईपीक कार्ड) प्रदाय किया गया। उत्कृष्ट बीएलओ के रूप में देवेन्द्रनाथ देवांगन को 05 हजार रूपये का चौक और प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। स्वीप नोडल के रूप में शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक भगवानदास चांडक को 07 हजार रूपये का चौक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कुमारी वंदना कुमेटी और परमेश्वर वाल्मिकी को कैम्पस एम्बेसडर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं नगरीय निकाय प्रशिक्षक नोडल अधिकारी जयशंकर उरांव, एसडीएम गौमत पाटिल, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थ‍ि थे।

## बालिका दिवस: रैली निकालकर चलाया गया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा में बालिका दिवस मनाया गया जिसके तहत जागरूकता अभियान चलाकर रैली भी निकाली गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड के निर्देश पर एवं बीएमओ डॉ शरद कोहड़े के मार्गदर्शन में 25 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा में बालिका दिवस मनाया गया, जिसमें विकासखंड के मितानिन की उपस्थिति में बालिका शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ टिकेश्वर ध्रुव,विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार, बीईटीओ प्रकाश भारती, लोकेंद्र साहू ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, मितानिन प्रशिक्षक एवं सीएचसी के समस्त स्टॉफ उपस्थिति रहे।

## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर लाइव वर्कशॉप



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर बीते 3 दशकों से, मरीज़ों के सर्वोत्तम इलाज को साथ हेल्थकेयर एक्ससीलेंस की एक बेहतरीन मिसाल है, जो मध्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित हॉस्पिटल्स की गिनती में आता है। यह हॉस्पिटल नवीनतम तकनीकों, ख़ास तौर से प्रशिक्षित डॉक्टर्स, नर्सेस और सपोर्ट स्टाफकी मौजूदगी में किफायती दरों पर उपलब्ध वर्ल्डक्लास डायग्नोसिस, ट्रीटमेंट और केयर के लिए जाना जाता है। यही नहीं यह हॉस्पिटल 300 से ज़्यादा रोबोटिक सर्जरी की उपब्धि के साथ रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में मध्य भारत में सबसे आगे है। इसी कड़ी में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट व मिनिमल एक्सेस सर्जरी डिपार्टमेंट ने एजुकेशनल एक्टिविटी के रूप में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर एक लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें शहर के जाने-माने गायनेकोलॉजिस्ट्स के साथकरीब 100 गायनेकोलॉजिस्ट्स ने हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप का संचालन रोबोटिक सर्जन डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में गायनेकोजिस्ट्स डॉ. सुबुही नकवी व डॉ. चेतना रमानी के साथ लेप्रोस्कोपिक सर्जन्स डॉ. जव्वाद नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर और डॉ. विक्रम शर्मा ने किया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने बताया कि वर्तमान समय में मेडिकल ट्रीटमेंट और केयर के लिहाज से रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी सबसे क्रिटिकल सर्जरीज़ की गिनती में आती है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल इस तरह के लाइव वर्कशॉप्स समय-समय पर आयोजित कराता रहेगा ताकि मेडिकल स्टूडेंट्स और गायनेकोलॉजिस्ट्स को इसका लाभ मिलता रहे।

## जीके इलेक्ट्रिक ने राडा ऑटो एक्सपो में अपनी आगामी ईवी 3-व्हीलर रेंज का प्रदर्शन किया, उद्योग विशेषज्ञों और डीलर्स ने की सराहना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जीके ग्रुप, जो पिछले 60 वर्षों से ऑटोमोबाइल रिटेल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, ने राडा ऑटो एक्सपो, रायपुर में अपनी आगामी इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर रेंज का शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर राडा और फाडा के सदस्य, उद्योग के प्रमुख विशेषज्ञ और जीके इलेक्ट्रिक के सभी डीलर उपस्थित रहे। उन्होंने इस नई रेंज को भविष्य का एक महत्वपूर्ण कदम मानते हुए सराहा।





ईवी उद्योग का भविष्य जीके ग्रुप, जो पिछले 60 वर्षों से ऑटोमोबाइल रिटेल में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है, अब इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नई क्रांति ला रहा है। अपनी नई पहल, जीके इलेक्ट्रिक के माध्यम से, ग्रुप ने इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर सेगमेंट में शानदार शुरुआत की है। जीके इलेक्ट्रिक के प्रोडक्ट्स अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और इंडस्ट्री में सबसे बेहतर आफ्टर सेल्स सर्विस के लिए जाने जाते हैं। यह ब्रांड न केवल प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि लास्ट माइल ट्रांसपोर्टेशन को भी अधिक पर्यावरण के अनुकूल बना रहा है। साथ ही, जीके इलेक्ट्रिक रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है, क्योंकि ईवी 3-व्हीलर के ड्राइवर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इसके अलावा, बहुत सी महिलाएं भी इस क्षेत्र में शामिल होकर अपने परिवारों को आर्थिक रूप से सहयोग कर रही हैं। छत्तीसगढ़ में केवल एक वर्ष के अंदर जीके इलेक्ट्रिक सबसे बड़े ईवी 3-व्हीलर ब्रांड के रूप में उभरा है। इसके 17 जिलों में फैले 29 आउटलेट्स के व्यापक नेटवर्क ने पूरे राज्य को कवर करते हुए इसे सबसे विश्वसनीय ब्रांड बना दिया है। जीके इलेक्ट्रिक ने अपनी सफलता को और आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र में विस्तार की शुरुआत की है। नागपुर में पहला डीलर आउटलेट शुरू कर, यह ब्रांड अब महाराष्ट्र में भी अपनी पहचान बनाने को तैयार है। हाल ही में रायपुर के राड़ा ऑटो एक्सपो में जीके इलेक्ट्रिक ने अपनी आगामी ईवी 3-व्हीलर रेंज का प्रदर्शन किया, जो उद्योग में एक नई क्रांति लाने का वादा करती है। अपने व्यापक अनुभव, मजबूत नेटवर्क और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधान देने की प्रतिबद्धता के साथ, जीके इलेक्ट्रिक तेजी से ईवी सेगमेंट में अपनी पहचान बना रहा है।

**SHRI BALAJI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCE**
**Mowa, Raipur (C.G.)**

**Recognize by National Medical Council**
**Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Helath Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur**

**Application are invited for following posts**

| Sr No. | Name and No. of the post | Qualification and Experience As per NMC/MCI Norm |
|---|---|---|
| 01 | **Professor**<br>Pharmacology -01, General Medicine -02<br>Physiology -01, Paediatrics -01<br>Microbiology -01, Orthopaedics -01<br>Dermatology -02, OBG & Gynae -01<br>Pathology -01, Radiodiagnosis -02<br>Forensic Medicine -01, Anaesthesiology -01 | (As per NMC/MCI Norm) |
| 02 | **Associate Professor**<br>Physiology -01, Opthalmology -02<br>Paediatrics -01, General Surgery -04<br>Pharmacology -01, Orthopaedics -03<br>Pathology -02, OBG & Gynae -02<br>General Medicine -04, Anaesthesiology -01<br>Respiratory Meicine -02, Radio-Diagnosis -01<br>ENT -02 | (As per NMC/MCI Norm) |
| 03 | **Assistant Professor**<br>Forensic Medicine -01<br>Pharmacology -01 | (As per NMC/MCI Norm) |

**Other terms & conditions:-**
1 Teaching Experience & Age Limit : As per NMC/MCI Norms
2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale / State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria:** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
*Number of paper publications in various national/international journals.
*Paper presentation in conferences.
*Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application:-** Within 15 days from the date of publication of advertisement.

## भारत की विकास यात्रा में हिमाचल का महत्वपूर्ण योगदान : नड्डा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पूर्ण राजत्व दिवस की 55वीं वर्षगाँठ के अवसर पर दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के आवास पर हिमाचल राजत्व दिवस कार्यक्रम में हज़ार से ज़्यादा प्रवासी हिमाचलियों ने धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा अन्य गणमान्यों ने पूरे उल्लास के साथ हिमाचल का 55 वाँ पूर्ण राजत्व दिवस मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा हिमाचल के राजत्व दिवस को अपने हिमाचली भाई-बहनों के साथ मनाने सुअवसर देने का व दिल्ली में इस शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए मैं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को धन्यवाद देता हूँ व उनका आभार प्रकट करता हूँ। हिमाचल के लोगों की छवि ईमानदार, न्यायप्रिय और क़ानून को मानने वाले नागरिक के तौर पर होती है।

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी, सर्च ऑपरेशन जारी

## भाटोदी और मुआर इलाके में आतंकियों ने देर रात सेना के कैंप पर फायरिंग की

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती हमले के बाद भाग गए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। कठुआ जिले के बिलावर इलाके के भाटोदी और मुआर इलाके में आतंकियों ने देर रात सेना के कैंप पर फायरिंग की है। सेना ने जवाबी कार्रवाई की। सेना के कैंप पर हमला करने वाले आतंकियों को ढेर करने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पूरे इलाके को घेराबंदी की गई है।

कठुआ के बटोद पंचायत में एक अस्थायी सेना शिविर की सतर्क संतरी चौकी ने देर रात करीब 1:20 बजे संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि का पता लगाया और गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने जवाबी गोलीबारी की और दोनों पक्षों के बीच लगभग आधे घंटे तक रुक-रुक कर



गोलीबारी होती रही। हालांकि, दोनों तरफ से कोई हताहत नहीं हुआ, अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादी, जिनकी संख्या तीन मानी जा रही है, पास के जंगल में भाग गए। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इसी सप्ताह एडीजीपी आनंद जैन ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ जिले के नाकों के अलावा सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश दिए थे। उस समय बताया गया कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया जा रहा है। बता दें कि 26 जनवरी से पहले पूरे जम्मू- कश्मीर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं।

इससे पहले शुक्रवार को बीएसएफ पश्चिमी कमान के एडीजी सतीश खंडारे ने गणतंत्र दिवस से पूर्व कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया था। उन्होंने बीएसएफ आउट पोस्ट बोबिया में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और जवानों का हौसला बढ़ाया। गणतंत्र दिवस पर जवानों को आईबी पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। दरिया और नालों पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। बीएसएफ ने हाल ही में जम्मू से लेकर कठुआ तक एंटी टनल ऑपरेशन चलाया। 33 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ की आशंका को खत्म किया जा रहा है। सुरक्षाबलों ने धनु परोल व सच्चैर के जंगलों में संदिग्ध देखे जाने के बाद भी तलाशी अभियान चलाया। क्षेत्र में अलर्ट जारी है।

## अजमेर में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। हिंदू सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दावा किया है कि उन पर अजमेर से दिल्ली जाते समय गेगल पुलिया के पास जानलेवा हमला हुआ है। उन्होंने दावा किया कि मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों ने उन पर फायरिंग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीपक कुमार ने बताया कि उन्हें विष्णु गुप्ता ने जानकारी दी कि सुबह जब वह अजमेर से दिल्ली के लिए रवाना हुए तो उन पर दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने फायर किया। उनकी कार के ऊपर एक स्पॉट भी नजर आ रहा है, जिसकी जांच की जा रही है। मौके पर अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा भी पहुंची हैं। उन्होंने भी मौके का मुआयना किया है और एफएसएल टीम को बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बता दें विष्णु गुप्ता ने अजमेर दरगाह में मंदिर होने का दावा किया था और कोर्ट में याचिका भी दायर की है। वह अपने बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं। दरअसल दिसंबर 2024 में उन्होंने अजमेर की दरगाह को लेकर बड़ा दावा किया था। विष्णु गुप्ता ने अजमेर पहुंचकर कहा था कि अजमेर की जो दरगाह है, वो असल में भगवान संकट मोचन महादेव का मंदिर है। विष्णु गुप्ता ने कहा था कि मैं यही कहना चाहता हूं कि जो अजमेर की दरगाह है, जिसे लोग दरगाह ख्वाजा साहब के नाम से जानते हैं, वो असल में भगवान संकट मोचन महादेव का मंदिर है और शिव मंदिर है। इसके सभी साक्ष्य हमने अदालत के पास रखे हैं और अब उसमें सभी पार्टियों को नोटिस हो चुके हैं। उन पार्टियों के जवाब आने हैं। 20 तारीख को सभी पार्टियों के जवाब आएंगे। अब हमारी पूरी तैयारी है।

## खौफनाक हत्याकांड : सिर से अलग किया धड़, सिरमौर में लगाया ठिकाने

एजेंसी ◄ सोलन
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के सोलन शहर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के वासनी से बगैर सिर का अधजला शव बरामद किया है। साथ ही कई किलोमीटर दूर सोलन जिला में सिर बरामद किया है। सूत्रों के मुताबिक सोलन पुलिस ने जघन्य अपराध की मिस्ट्री को बेपर्दा कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अज्ञात व्यक्ति को मौत के घाट उतारने के बाद उसके शव को दो हिस्सों में अलग-अलग जगह नष्ट करने का प्रयास किया गया। शुरुआती जांच में ये भी पता चल रहा है कि देऊंघाट इलाके में तीन व्यक्ति शिकार करने के चक्कर में जंगल की तरफ गए थे, लेकिन एक लापता हो गया था। इसी दौरान व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आशंका जताई जा रही है कि मरने वाला व्यक्ति वही हो सकता है, जिसकी पुलिस ने गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज की थी। अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपियों द्वारा लाश से गर्दन को अलग कर दिया गया और उन्हें अलग-अलग जगहों पर दफना दिया गया। सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के वासनी के नजदीक भी धड़ को जलाने का प्रयास किया गया। आरोपी धड़ से अलग की गई गर्दन को वाहन में लेकर वापस सोलन जिला में दाखिल हुए। इसके बाद इसे जलाने की कोशिश हुई। पता चला है कि पुलिस गुमशुदा व्यक्ति की तलाश कर रही थी। इसी दौरान बड़ोग के आसपास इस बात का सुराग मिला कि लापता व्यक्ति किसके साथ दो व्यक्ति थे। इसके बाद संदिग्धों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, जिससे एक खौफनाक हत्या की गुत्थी सुलझ गई। अब आरोपियों की निशानदेही पर शव के हिस्सों को बरामद कर लिया गया है।

## सिलाई सेंटर में लगी आग किसी प्रकार की जनहानि नहीं

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के खानूगांव इलाके में सुबह एक तीन मंजिला भवन में स्थित सिलाई सेंटर में आग लगी गई, जिस पर अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। हादसे के दौरान लगभग 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने बताया कि सुबह लगभग आठ बजे खानूगांव स्थित तीन मंजिला भवन के प्रथम तल पर स्थित सिलाई सेंटर में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद फतेहगढ़ और आसपास के फायर स्टेशनों से करीब 30 दमकल गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर भेजे गए। लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में भवन में मौजूद सामान जलकर राख हो चुका है। सूत्रों के अनुसार आग लगने के तुरंत बाद सिलाई सेंटर के मजदूरों ने शोर मचाना शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सिलाई सेंटर में सिलाई मशीनें और कपड़ों की गठानें रखी हुई थी। हादसे के समय इस भवन में लगभग 6 से 8 परिवार और सिलाई सेंटर के 10 मजदूर मौजूद थे। भवन में मौजूद सभी 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवाड

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क का व्यापक उपयोग किया।

इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था। चुनाव में लगे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सुरक्षित और सुगम परिवहन का प्रबंधन भारतीय रेल द्वारा किया गया । इस दौरान 3,74,000 से अधिक अर्धसैनिक बलों को 383 विशेष ट्रेनों के माध्यम से देशभर में सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का काम किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था।

## सुक्खू ने 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस की प्रदेशवासियों को दी बधाई

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों 55वें पूर्ण राज्यत्व दिवस की हार्दिक बधाई एवं



शुभकामनाएं दी हैं। सुक्खू ने इंदिरा गांधी स्टेडियम, बैजनाथ में आयोजित 55वें राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में भाग लेते हुए ध्वजारोहण किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि का ऐतिहासिक दिन हमारे सामूहिक संघर्ष, साहस और सपनों की नई शुरुआत का प्रतीक है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार ने राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राजीव गांधी तथा राज्य के लाखों लोगों ने इसे संवारने और निखारने में जो योगदान दिया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। सुक्खू ने कहा कि हम आत्मनिर्भरता, समृद्धि और विकास की ओर अग्रसर हैं, जो हमारी साझी मेहनत का फल है। आइए, हम सब मिलकर देवभूमि हिमाचल की तरक्की में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

## झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा सम्मानित

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीणा को स्वीप गतिविधियों के सफल संचालन के लिए वर्ष 2024-25 के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मीणा ने झाबुआ जिले में भगोरिया उत्सव की पारंपरिक परिधान पहने शुभंकर युगल 'चुनावी काका - चुनावी काकी' का उपयोग कर स्वीप अभियान चलाया। ससे मतदाता जागरूकता को बढ़ावा मिला। दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे।

## 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित : शिव प्रताप शुक्ल

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अपने निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रत्येक भारतीय को निर्वाचन आयोग पर गर्व होना चाहिए और इसके कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जाता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" विषय पर मतदाता जागरूकता पर जोर दिया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रशंसा की। उन्होंने आयोग की पूरी टीम को लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और विश्वस्तरीय मानकों पर खरा उतरने के लिए सहराना की। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को बधाई दी और उनसे आह्वान किया कि वे अपने साथियों के बीच मतदान के महत्व को समझाने में भरपूर योगदान दें। साथ ही, उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में नागरिक सेवाओं, पुलिस प्रशासन, गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया के योगदान की भी सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को की गई थी, जो भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण मील पत्थर है। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार कुल 56,62,423 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 18-19 वर्ष के 1,33,407 युवा मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में 71.45 प्रतिशत मतदान हुआ। इस अवसर पर, राज्यपाल ने युवा मतदाताओं को 'इलेक्शन फोटो आइडेंटिटी कार्डर्स' प्रदान किए।

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो गणतंत्र दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो का भारत का पहला दौरा है, जो अक्टूबर 2024 में राष्ट्रपति के पद का कार्यभार संभालने के बाद भारत आए हैं। वह रविवार को भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रबोवो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को बहुत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, भारत ने हमारे स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान हमें समर्थन दिया था। भारत ने हमें चिकित्सा और वित्तीय मदद दी थी, और यही कारण है कि भारत हमारे लिए एक बहुत महत्वपूर्ण मित्र है। यह उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस बार, इंडोनेशिया ने भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 352 सैनिकों की एक टुकड़ी भेजी है, जिसमें डिफाइल सैनिक और ड्रम बैंड शामिल हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, राष्ट्रपति प्रबोवो



का गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होना हमारे संबंधों का एक अच्छा प्रतीक होगा। जयशंकर ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से मुलाकात की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली बैठक से पहले हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी मुलाकात के बाद एक पोस्ट में लिखा, भारत की राजकीय यात्रा की शुरुआत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए उनके मार्गदर्शन और समर्थन की सराहना करता हूं। राष्ट्रपति प्रबोवो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जो हैदराबाद हाउस में आयोजित होगी। इसके बाद, राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

इस दौरान, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आदान-प्रदान, सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और डिजिटल विकास जैसे कई मुद्दों पर समझौतों और सहमति पत्रों का आदान-प्रदान होगा। वे भारतीय उद्योग जगत के लोगों और उद्यमियों से भी मिलेंगे, जो इंडोनेशिया में निवेश करना चाहते हैं। भारत और इंडोनेशिया के रिश्ते बहुत पुराने और मजबूत हैं। दोनों देशों के बीच एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, और इंडोनेशिया भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राष्ट्रपति प्रबोवो अपनी भारत यात्रा के बाद मलेशिया भी जाएंगे।

## दो नाबालिगों समेत भिंड के तीन आरोपी 20 हथियारों के साथ गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन में पुलिस ने दो नाबालिगों समेत भिंड जिले के गोरमी निवासी तीन लोगों को बड़ी मात्रा में अवैध रूप से निर्मित हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। खरगोन के पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने सायं पत्रकारों को बताया कि मुखबिर की सूचना पर खरगोन कोतवाली प्रभारी बीएल मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस दल ने खंडवा वडोदरा राजमार्ग पर



स्थित एक जिनिंग फैक्ट्री के पास तीन लोगों को पकड़ा। उनके पास से अवैध रूप से निर्मित 10 देशी कट्टे और 10 देशी पिस्टल बरामद हुई। हथियारों की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये है। आरोपियों की शिनाख्त भिंड जिले के गोरमी निवासी अभिषेक भदोरिया तथा दो अन्य नाबालिगों के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीनों को भिंड क्षेत्र के एक व्यक्ति ने यहां हथियार लाने भेजा था। आरोपियों ने गोगावां थाना क्षेत्र के सिगनूर निवासी एक सिकलीगर से उक्त हथियार खरीदे थे। सिकलीगर उन्हें खरगोन के बाहरी हिस्से में ड्रॉप कर पुलिस के पहुंचने के पूर्व भाग गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की तीन दिन की रिमांड लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके नेटवर्क का पता लगाकर शीघ्र ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## यादव का प्रदेश में निवेश के लिए जापान दौरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान की 4 दिवसीय यात्रा के लिये 27 जनवरी को रवाना होंगे। आधिकारिक



जानकारी के अनुसार डॉ यादव का मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने का संकल्प आकार लेने लगा है। देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कारवां जापान की 4 दिवसीय यात्रा के लिये 27 जनवरी को रवाना होगा। डॉ. यादव जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करेंगे। साथ ही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करेंगे। डॉ. यादव का जापान दौरा मध्यप्रदेश से जापान के उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों को निवेश अवसरों से अवगत कराएगा। भारत-जापान संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री 27 जनवरी की शाम इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली से टोक्यो समयानुसार के लिए रवाना होंगे। वे 28 जनवरी की दरम्यानी रात भारतीय समयानुसार 2:25 बजे टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। जहाँ से सुबह 3:45 बजे इम्पीरियल होटल पहुंचेंगे। यहां फ्रेंडस ऑफ एमपी की जापान टीम से मुलाकात करेंगे। सुबह 9:15 बजे भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज से उनके निवास पर औपचारिक मुलाकात करेंगे।

# मुंबई हमले के आतंकी तहव्वुर राणा को लाया जाएगा भारत, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दी प्रत्यर्पण को मंजूरी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। इसके साथ ही अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित है। भारत उसके प्रत्यर्पण को लेकर अनुरोध कर रहा था। यह तहव्वुर राणा के लिए भारत प्रत्यर्पित न किए जाने का आखिरी कानूनी मौका था।

## भारत को 15 साल बाद मिली सफलता



### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

इससे पहले, तहव्वुर राणा सैन फ्रांसिस्को में नॉर्थ सर्किट के लिए अमेरिकी अपील न्यायालय सहित कई संघीय अदालतों में कानूनी लड़ाई हार गया था। तहव्वुर राणा ने 13 नवंबर को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद 21 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी अपील को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "याचिका को खारिज किया जाता है।" तहव्वुर राणा को वर्तमान में लॉस एंजिल्स के 'मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर' में हिरासत में रखा गया है।

### कोर्ट में क्या दलील दी

इससे पहले अमेरिकी सरकार ने अदालत में दलील दी थी कि पुरीक्षण याचिका को खारिज किया जाना चाहिए। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी. प्रीलोगर ने 16 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने दस्तावेज में यह बात कही। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा इस मामले में भारत प्रत्यर्पण से छूट का हकदार नहीं है। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल ने कहा था, "सरकार यह नहीं मानती कि जिस कृत्य के लिए भारत प्रत्यर्पण चाहता है, वह इस मामले में सरकारी अभियोजन के दायरे में थे। उदाहरण के लिए, भारत के जालसाजी के आरोप आंशिक रूप से ऐसे आचरण पर आधारित हैं जिन पर अमेरिका में सुनवाई नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत आव्रजन कानून केंद्र के शाखा कार्यालय को औपचारिक रूप से खोलने के लिए आवेदन में गलत जानकारी का उपयोग किया।"

# पटेल हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेन्टर

समस्त जिलेवासियों को
**गणतंत्र दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

24 घण्टे सेवा उपलब्ध

त्वचा, चर्मरोग, गुप्त एवं कुष्ठ रोग, सफेद दाग से संबंधित सभी बिमारियों का ईलाज नासूर बवासीर भकंदर, हाड्रोसिल, एवं हार्निया लेजर मशीन द्वारा आपरेशन की सुविधा

पता-परशुराम चौक, गौरव पथ रोड, चाम्पा Mob.: 7354625072, 8463887089

---

समस्त जिलेवासियों को
**गणतंत्र दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## श्रीमती शांता गुप्ता

अध्यक्ष-केशरवानी महिला समिति चांपा
जिलाध्यक्ष-आनंद वाहिनी पीठ
परिषद सदस्य-अक्षर साहित्य एवं महादेवी महिला साहित्य परिषद
विशेष आमंत्रित सदस्य-छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सभा

---

समस्त जिलेवासियों को
**गणतंत्र दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## धीरेंद्र बाजपेयी

डायरेक्टर-डी.बी. तनिष्का, सिवनी मोड़, कोरबा रोड़, चांपा

---



समस्त जिलेवासियों को
**गणतंत्र दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

PRAKASH INDUSTRIES LTD.
CHAMPA
(AN ISO 9001,14001 & OHSAS 18001 CERTIFIED COMPANY)
AN INTEGRATED STEEL & POWER PLANT
कोटाडबरी-चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

---



समस्त जिलेवासियों को
**गणतंत्र दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# महादेव टाईल्स

## हार्डवेयर एवं सेनेटरी








टाईल्स, पाइप्स, सरिया, सीमेंट आदि के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

प्रो. अजीत ठाकुर मोतीपुर

रायपुर रोड, मोतीपुर दुर्ग (छत्तीसगढ़)
फोन :- 73895-88832, 79741-30763













संकलनकर्ता- नितेश गोस्वामी, ब्यूरो चीफ नारायणपुर, मोबाइल-94252-86742

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...

















# ऑटो एक्सपो में दो न्यू मॉडल की हुई लांचिंग अब तक हो चुकी है 6864 वाहनों की बिक्री



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑटो एक्सपो में ऑटोमोबाइल कंपनियों ने नए मॉडलों की लांचिंग शुरु की है, रायल इनफील्ड स्क्रैम 450 बाइक व हुंडई क्रेटा ईवी की लांचिंग की गई है। दोनों के फीचर इतने बेहतरीन है कि लांचिंग के दौरान एक्सपो में मौजूद लोगों ने इन मॉडलों को खूब सराहा। आज एक्सपो में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम राकेश सिन्हा स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल हुए। बता दें कि एसबीआई एक्सपो के मुख्य स्पांशर भी हैं। ऑटो एक्सपो में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन भी किया गया था जिसमें 47 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। साइंस कॉलेज मैदान में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित एक्सपो में हर दिन वाहनों की बिक्री व बुकिंग शानदार हो रही है। 3 हजार से लेकर 12 लाख रुपए तक का फायदा आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट के चलते कस्टमर को मिल रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विजिटर्स जमकर आनंद ले रहे हैं। कल गणतंत्र दिवस है इसलिए भक्ति थीम पर होगा पूरा इवेंट। कैलाश खेमानी ने बताया कि ऑटो एक्सपो में 24 जनवरी का जो आंकड़ा रहा एक्सीवोटेड आर-10, गुड्स व ओमनी-61. मैक्सी केब, एम कैब, एम कार-398, मोटरसाइकल मोपेड-182, थ्री व्हीलर्स-0, टोटल 651 वाहनों की रही। वहीं आरटीओ को टैक्स से मिले 27475257 रुपए। अब तक एक्सपो में कुल 6864 वाहनों की बिक्री हो चुकी है जिससे टैक्स के रूप में आरटीओ को मिले हैं 320641057 रुपए। खेमानी ने बताया कि वाहनों की बिक्री के अलावा एक्सपो में पार्टिसिपेट करने वालों ने सेवाभावी कार्यों के प्रति अपनी सहभागिता निभाते हुए ब्लड डोनेशन कैम्प का भी आयोजन किया जिसमें कुल 47 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ।

















संकलनकर्ता :- दिलीप माहेश्वरी, ब्यूरोचीफ बलौदाबाजार, मो.- 9926480185


सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403